तापमान

अधिकतम 34.4 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, शनिवार 11 जुलाई 2026



12 एक माह के भीतर 103 गांवों में पहुंचेगा...





13 करोड़ों का खेल परिसर बना भूत बंगला ...









न्यु ओम ज्वेलर्स

हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री

शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता

टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध

जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाउस, भिलाई SUNDAY OPEN

शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है

▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री

संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स

शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी


# एक तरफा प्रेम के चलते नर्सिंग छात्रा की हत्या, कथित प्रेमी मौके से फरार

आरोपी की तलाश

वैशाली नगर पुलिस थाना क्षेत्र की घटना

आरोपी की तलाश में पुलिस, खोजबीन तेज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

एक तरफा प्रेम के चलते कथित प्रेमी ने नर्सिंग छात्रा को पीजी कमरे में घुसकर चाकूओं से गोदकर मौत के घाट उतारने का मामला सामने आया है। घटना में आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि राम नगर स्थित पीजी कमरे में रहने वाली खुशी साहू 19 वर्ष निजी नर्सिंग कालेज में बी फार्मेसी की पढ़ाई करती थी।

पीजी कमरे में उसकी सहेली पांच दिन पहले ही रहने आई थी। शुक्रवार को सहेली जब नहाने के लिए बाथरुम में घुसी मौका मिलते ही कथित प्रेमी कमरे में अचानक आ गया। तब खुशी कमरे में अकली थी। कथित प्रेमी ने अपने पास रखे चाकू को निकालकर खुशी पर ताबड़तोड़ हमला कर मौके से फरार हो गया। सहेली जब नहाकर बहार निकली तो सामने खुन से सनी खुशी पड़ी मिली।सहेली ने तुरंत मकान मालिक को कॉल कर सूचना दिया। तब पुलिस और एसीसीयू प्रभारी प्रशांत मिश्रा की टीम जांच के लिए पहुंची थी। घायल खुशी को सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल उपचार के लिए लेकर जाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका का मूल निवास ग्राम बेरला के कुम्ही जिला बेमेतरा है, खुशी माह भर पहले ही भिलाई आई थी। यहां रहकर नर्सिंग की पढ़ाई करती थी। इसके अलावा खुशी अपनी पढ़ाई का खर्च निकालने के लिए वह वैशाली नगर के कैफे में काम भी करती थी। फरार कथित प्रेमी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।



### सहेली ने परिजनों को नस काटने की खबर दी


बताया गया कि मृतका के साथ रहने वाली सहेली ने घटना की जानकारी परिजनों को दिया। जिसमें सहेली ने फोन पर कहा कि खुशी ने अपने हाथ की नस काट ली है और जल्दी अस्पताल पहुंचों। उसके बाद उसने बताया कि युवक कमरे में आया था और उसने चाकू से खुशी पर हमला कर दिया। घटनाक्रम को लेकर पुलिस सहेली से भी पूछताछ कर जानकारी जुटा रही है। मृतका खुशी के चचेरे भाई देव कुमार साहू ने बताया कि उन्हें पहले खुशी के सगे भाई का फोन आया था कि खुशी ने अपने हाथ काट ली है। वह तुरंत उसके कमरे की ओर निकले, लेकिन रास्ते में सहेली का फोन आया और उसने सीधे अस्पताल आने के लिए कहा। अस्पताल पहुंचने पर सहेली ने बताया कि एक लड़का कमरे में आया था और उसने खुशी पर चाकू से हमला किया।

### अपने दम पर पढ़ाई करने आई थी बहन

मृतका का भाई देव कुमार साहू के मुताबिक खुशी पढ़ाई के लिए भिलाई आई थी। उसने परिवार से कहा था कि वह अपने दम पर पढ़ाई करेगी। नौकरी करके अपना खर्चा भी स्वयं उठाएगी। कॉलेज शुरू होने से पहले उसने कैफे में काम करना शुरू कर दिया था। घटना में एक युवक का नाम सामने आ रहा है, मामले की सच्चाई पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। शुरुआती जांच में यह भी सामने आया है कि खुशी एक युवक से बातचीत होती थी। इस बारे में परिजनों को जानकारी दी थी। फिलहाल पुलिस अभी किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। पुलिस प्रेम प्रसंग से जोड़कर देख रही है। जांच भी इसी एंगल में किया जा रहा है।

### 3 टीम खोज रही है आरोपी प्रेमी को

पुलिस ने बताया कि खुशी की हत्या के मामले में कथित प्रेमी की खोजबीन के लिए तीन अलग-अलग टीमे बनाई गई है।जिसमें एसीसीयू, वैशाली नगर पुलिस और एक टीम बनाई गई है। खुशी हत्याकांड का खुलासा करने के लिए पुलिस बेमेतरा समेत निदी नर्सिंग कालेज में मृतका का साथ पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं और उसकी सहेली से भी पूछताछ करेगी। इसके अलावा राम नगर के आसपास लगे कैमरे को भी खंगालना शुरु किया है। घटनास्थल से पुलिस को कुछ सुराग में आरोपी के हाथ लगे है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक घटना को अंजाम देने वाला कथित प्रेमी का शिनाख्त भी पुलिस कर चूकी है। जिसका खुलासा एक दो दिन में किया जा सकता है। मामले में पुलिस ने आधा दर्जन युवकों से पूछताछ कर रही है।



### खोजबीन जारी है

छात्रा की हच्या मामले में पुलिस जांच कर रही है। संदेह जताया जा रहा है कि एक तरफा प्रेम प्रसंग का होगा। फिलहाल पुलिस हर एंगल में जांच की जा रही है। तीन अलग-अलग टीमे बनाई गई है। छात्रा नर्सिंग की पढ़ाई करती थी। आरोपी के पकड़े जाने के बाद ही असली कारणों का पता चल पाएगा। घायल हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सीसी कैमरों को भी खंगाला जा रहा है।

**-सत्य प्रकाश तिवारी,** सीएसपी भिलाई नगर



# बीएसपी में दुर्घटना, केबिन गिरने से ठेका क्रेन ऑपरेटर हुआ घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

बीएसपी में आज शुक्रवार फिर एक बड़ी दुर्घटना हुई। इसमें एक ठेका मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए बीएसपी के सेक्टर नौ अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आब्जर्वेशन वार्ड में उसकी स्थिति सामान्य बताई गई है। प्रबंधन द्वारा घटना के कारणों की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार दुर्घटना तड़के 4.30 बजे बीएसपी के ब्लास्ट फर्नेस में हुई। ओबीसी क्रेन का केबिन संचालन के दौरान अचानक नीचे गिर गया। क्रेन का संचालन एसडब्ल्यू रविंद्र कुमार चौधरी, एसडब्ल्यू एमएस नवीन कुमार द्वारा किया जा रहा था। एकाएक केबिन नीचे गिरने के दौरान क्रेन आपरेटर रविंद्र चौधरी घायल हो गया। केबिन गिरने के बाद चोटिल रविंद्र खुद केबिन से बाहर निकला और कुछ समय तक मदद का इंतजार करते रहे। इसी दौरान केबिन गिरने की आवाज सुनकर आसपास काम करने वाले कर्मचारियों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर उनकी सहायता की और सेफ्टी टीम को जानकारी दी। इसके बाद एंबुलेंस से घायल को प्राथमिक उपचार के लिए एमएमपी- 1 ले जाया गया। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए सेक्टर 9 अस्पताल रिफर किया गया। घायल मजदूर के चेस्ट में चोट आई है। गंभीर चोट की जांच के लिए उसे चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। डॉक्टरों का कहना है कि फिलहाल उसकी स्थिति सामान्य है। बीएसपी प्रबंधन द्वारा घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। यूनियनों द्वारा अस्पताल में घायल से मिलकर हाल जानने के साथ प्रबंधन से प्लांट में सेफ्टी बढ़ाने की मांग की गई है।

**सीएमडी हुए सख्त :** फीट ऊपर से गिरने क्रेन आपरेटर के घाटल होने की घटना पर सीएमडी अशोक पंडा ने बीएसपी अधिकारियों से वर्चुअल इसकी जानकारी मांगी। दिल्ली में हुई सेफ्टी मीटिंग में उन्होंने घटना कैसे हुई और सुरक्षा संबंधी जानकारी लेते हुए सख्ती से सेफ्टी पर विभागीय अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने निर्देशित किया। यूनियनों ने भी बीएसपी में सुरक्षा पर लापरवाही और ठेकेदारों के सुरक्षा उपकरणों में कोताही पर सवाल उठाए।


2011 से संचालित

शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई

B.c. NURSING & M.Sc. NURSING

प्रवेश के लिए संपर्क करें

मो. 83193 47482, 81030 45003

Website : ssscn.ac.in

B.M. COLLEGE

BCA | BBA | PGDCA | B.Ed.

आई.टी.आई.

▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन ▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर ▸ डीजल मैकेनिक ▸ फायर टेक्नालॉजी ▸ स्टेनो हिन्दी

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

9340311314, 9300850065, 9303898329, 9098849923


## खबर संक्षेप

### चालक ने मासूम को वाहन से गिराया, गिरफ्तार



**भिलाई।** स्कूली वाहन के चालक ने लापरवाही एवं तेज गति से वाहन चलाने के कारण चार वर्षीय बालक के गिरने से घायल हो गया। शिकायत पर चालक को पुलिस ने पकड़ा है। छावनी पुलिस ने बताया कि करुणा अस्पताल के पास, नंदिनी रोड भिलाई में स्कूल वाहन सीजी 07 सीजेड 5111 में सवार होकर बालक को घर छोड़ने के दौरान चालक खुर्सीपार निवासी हरजीत सिंह लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क पर बालक को गिरा दिया। हादसे में बालक के माथे, हाथ, पैर एवं दाहिने गाल पर चोटें आईं। घायल बालक के परिजनों ने शिकायत पुलिस से किया। तब जाकर पुलिस ने चालक के खिलाफ कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार किया। चालक फोरवेल्स स्कूल का वाहन चलाता है।

### विवाद के चलते हथियार से हमला, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

रंजिश के चलते धारदार हथियार से हमला कर मारपीट करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि शिवपुरी जामुल स्थित ग्राउंड में रंजिश को लेकर शिवपुरी जामुल निवासी शेष नारायण के साथ वार्ड 17 शिवपुरी निवासी गणेश सिन्हा, सोमेश राज साहू गाली गलौज कर मारपीट कर दिया। पीड़ित से विवाद के दौरान सोमेश ने ब्लेड और गणेश ने हाथ में पहने कड़े से वार कर दिया। घटना में पीड़ित के शरीर पर कई जगह चोट आई है। शिकायत के बाद पुलिस ने दोनों युवकों को जामुल से गिरफ्तार किया गया। मामले में पुलिस की जांच जारी है।

अपराध

## नशीली टेबलेट के साथ युवक गिरफ्तार

### 150 नग अल्फाजोलम टेबलेट, नगद जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



नशीली टेबलेट के साथ पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने 150 अल्फाजोलम, नगद रकम जब्त किया गया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर धमधा रोड सब्जी मंडी से ग्रीन चौक निवासी राहुल गाडा को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस 10 स्ट्रीप में 150 नग अल्फाजोलम टेबलेट, अनुमानित मूल्य 60 हजार रुपए और नगद 920 रुपए जब्त किया। पुलिस जिले में अवैध रूप से गांजा, शराब, नशीले पदार्थ, प्रतिबंधित दवाइयों की तस्करी और अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई किया जा रहा है। पुलिस अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8, 22 एवं 27(क) के तहत जुर्म दर्ज किया है। दुर्ग पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि नशीले पदार्थों एवं प्रतिबंधित दवाइयों की अवैध बिक्री अथवा किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि की सूचना पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

### रंजिश के चलते हत्या का प्रयास, दो गिरफ्तार



**भिलाई।** पुरानी रंजिश के चलते हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि खुर्सीपार निवासी योगेश सूर्यवंशी सेक्टर-6 स्थित पेट्रोल पंप से बाइक पर पेट्रोल भराकर रिसाली डीपीएस चौक निकल रहा था। इस दौरान बाइक से पीछे से आकर बेसबॉल डंडे से पीड़ित पर वार कर आरोपी मौके से फरार हो गए थे। घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने फरार आरोपियों की खोजबीन की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने हरिश यादव, अमन मूर्ति को पकड़ा गया। आरोपी फरार है।

## मकान का ताला तोड़कर करोड़ों के जेवरात पार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

मकान का ताला तोड़कर अज्ञात ने करोड़ों का सोना चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है।सूचना पर मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि डहलिया 482 तालपुरी भिलाई निवासी गजेन्द्र पिपरिया मकान में ताला जड़कर परिवार समेत बाहर गए हुए थे। गुरुवार को लौटने के बाद मकान में पहुंचने पर सामने का ता खुला पड़ा मिला। मकान के भीतर प्रवेश करने पर आलमारी समेत अन्य सामान बिखरा पड़ा मिला। परिजनों ने चोर को आसपास खोजबीन किया लेकिन कोई जानकारी नहीं मिलने पर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मकना समेत आसपास के क्षेत्रों की भी चेकिंग किया। मकान से अज्ञात ने सोने का लाकेट 4, नेकलेस, अंगुठी, डायमंड, अंगुठी, नगद 50 हजार कुल 1.96 लाख 8500 रुपए और चांदी के जेवरातों में पायल 6 जोड़ी, चूडा 7 जोड़ी, मोटा पायल दो जोड़ी, पुराना चांदी, सिक्का 6,गणेश मूर्ति, पायजेब 4 तोला, करधन 8 तोला, बेनीफूल 3 तोला, पायल नया 75 तोला, बिछिया 30 जोड़ी, चाबी रिंग 4 तोला का पार हो गया है। जिसकी कीमत 8.37 लाख 7500 रुपए का होना बताया गया है।

▪ भिलाई नगर थाना क्षेत्र की है घटना डहलिया तालपुरी के मकान में हुआ





सीमांकन के दौरान कई लोगों द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा करने की हुई जानकारी

# एसएलआर टीम ने किया कोसा नाला का सीमांकन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई पॉश इलाके मॉडल टाउन, जुनवानी से होकर निकलने वाले कोसा नाला व उससे लगती सरकारी जमीन पर बड़े बड़े एजुकेशन माफिया और भू-माफियाओं द्वारा कब्जा करने का मामला और गर्माता जा रहा है। दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर 10 जुलाई शुक्रवार को पटवारी और आरआई की ज्वाइंट टीम के बाद एसएलआर की टीम सीमांकन करने पहुंची। इस दौरान भिलाई के नायब तहसीलदार डिकेश्वर साहू भी मौजूद रहे। लगभग 5-6 घंटे की नाप-जोख के बाद भी नाले से लगी सरकारी जमीन की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। कोसा नाला में इस समय रिटर्निंग वाल बनाने के लिए लगभग 17 करोड़ रुपए प्रोजेक्ट पास किया गया है। रिटर्निंग वाल का काफी काम पूरा हो चुका है, लेकिन मॉडल टाउन के पार्षद हरिओम तिवारी ने आरोप लगाते हुए कलेक्टर से शिकायत की है कि निगम के अधिकारी नाले से लगती सरकारी जमीन बचाने के लिए कोई रुचि नहीं दिखा रहे हैं। इतना ही नहीं उन्होंने 32 मीटर चौड़े नाले को 16 मीटर कर दिया है। इससे बारिश में नाले का पानी कालोनियों में पहले से अधिक दूर तक घुस गया है। इसके साथ ही उन्होंने नाले व उसके दोनो तरफ स्थित सरकारी जमीन का सीमांकन कर उसे कब्जामुक्त कराने की मांग की थी। कलेक्टर ने पहले तो आरआई और पटवारियों की ज्वाइंट टीम को सीमांकन के लिए भेजा। चार से पांच बार नाप-जोख के बाद भी जब पार्षद ने गलत सीमांकन का आरोप लगाया तो कलेक्टर ने शुक्रवार को एसएलआर टीम को नाप-जोख के लिए भेजा। पार्षद हरिओम तिवारी का कहना है कि टीम को 1932 का नक्शा लेकर नाप करनी थी, लेकिन टीम नए नक्शे के मुताबिक ही जांच कर रही है, जिसमें त्रुटि है।

**आरआई पटवारियों ने कहा 5वीं बार कर रहे सीमांकन, हर बार मिला अतिक्रमण, लेकिन नहीं होती कब्जा हटाने की कार्रवाई**



### पार्षद व पत्रकारों पर हावी दिखी टीम

नाप को लेकर पहले से कोई सूचना नहीं दी गई थी। एसएलआर की नाप जरीब से होती है, जबकि यहां टेप से नापी की गई। 1932 का पुराना नक्शा नहीं था। ठीक से ब्रीफिंग नहीं की गई। महिला आरआई पटवारी व अन्य अधिकारी कलेक्टर से झूठी शिकायत करने की बात बोल रहे थे। साथ ही सीमांकन के दौरान पार्षद और पटवारी को वीडियो फोटो लेने से रोक रहे थे।

**-हरिओम तिवारी**, पार्षद, मॉडल टाउन भिलाई

### आरआई पटवारियों ने भी जताई नाराजगी

पार्षद हरिओम तिवारी ने बताया कि नाप के दौरान फिर से पाया गया कि शशांक रस्तोगी और उससे लगे खटाल के संचालक व अन्य लोगों ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर रखा है। शशांक रस्तोगी ने सरकारी जमीन के काफी बड़े क्षेत्रफल में कब्जा करके रखा है। नाप-जोख के दौरान आरआई और पटवारी भी आपस में नाराजगी जाहिर करने लगे। उन्होंने कहा कि वो 5वीं बार नाले और उससे लगी जमीन की नाप कर चुके। कलेक्टर को हर बार रिपोर्ट भी सौंपी गई है कि रस्तोगी बिल्डिंग सहित काफी हिस्सा सरकारी जमीन पर है। उसके बाद फिर नई शिकायत होती है और कलेक्टर फिर टीम बना देता है। उन्हें चाहिए की राजस्व और निगम की टीम मिलकर सीमांकन के बाद क्षेत्र में रस्तोगी और अन्य लोगों ने जितनी भी सरकारी जमीन पर कब्जा किया है उसे तोड़कर कब्जामुक्त कराएं।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

BHILAI | DHANORA

ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

FITTER (10th Pass) 2 Year

C.O.P.A. (Computer) (1 Year 10th Pass)

छत्तीसगढ़ राज्य की बालिकाओं एवं महिलाओं को COPA ट्रेड में निशुल्क प्रशिक्षण

Affiliated By: N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

REGISTRATION OPEN

भारतीय सेना में कार्यरत / भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्रा - छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25% की छूट

कुरुद रोड़ कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)

89595-93949 • 89595-44444

अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)

89595-93934 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### सरकारी योजनाओं का लाभ अब हर जरुरतमंद तक

**भिलाई।** श्रम विभाग द्वारा संचालित जनकल्याण श्रमिक योजना और केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी व लाभ आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में श्रमिक कार्ड पंजीकरण, विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी तथा पात्र हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महिला मोर्चा द्वारा की गई, जिसके पश्चात श्री वृद्धि जनकल्याण संस्था ने केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और उनके लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया से लोगों को अवगत कराया। शिविर में सैकड़ों नागरिकों ने सहभागिता कर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

### सड़क हादसों में आई कमी

**भिलाई।** सड़क हादसों में कमी आने को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने आंकड़ा पेश किया है। जिसमें माह जून 2026 में सिर्फ 6 मौत बताया गया है। बल्कि वर्ष 2025 की तुलना में 2026 में तीस प्रतिशत की कमी आई है। जून 2025 की तुलना में जून 2026 में 12 कम मौतें हुई है। सड़क हादसों में कमी लाने के उद्देश्य से व्यापक अभियान संचालित किया गया। ओवरस्पीड, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, गलत दिशा में वाहन चलाने, नो-पार्किंग अन्य ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई किया जा रहा है। नेशनल हाइवे के ब्लैक, ग्रे स्पॉट में पेट्रोलिंग बढ़ाई गई है। ट्रैफिक सुधार, चेतावनी संकेतक, जन-जागरूकता गतिविधियां त्वरित सहायता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया गया है। वर्ष 2025 की तुलना में वर्ष 2026 में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में 30 प्रतिशत की कमी आई है। 61 लोगों की जान बचाने में सफलता मिली है। पिछले पांच माह से प्रतिदिन 6 बजे जिले के चिन्हित स्थानों पर फिक्स वाहन चेकिंग पॉइंट लगाया गया। ब्लैक एवं ग्रे स्पॉट आवश्यक सुधार कार्य, विशेष निगरानी, सघन प्रवर्तन अभियान संचालित किया। छह माह में 404 जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर नागरिकों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया।

### ट्यूबवेल खनन पर लगा प्रतिबंध समाप्त

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने जिले में नलकूप ट्यूबवेल खनन पर लगे प्रतिबंध को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया है। उल्लेखनीय है कि ग्रीष्म ऋतु के दौरान पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम के तहत जिले को जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया था। यह प्रतिबंध 30 जून अथवा मानसून के आगमन (जो भी बाद में हो) तक के लिए लागू किया गया था। वर्तमान में जिले में मानसून का आगमन हो जाने की स्थिति को देखते हुए, कलेक्टर ने इस अधिनियम के अंतर्गत नलकूप खनन पर लगे प्रतिबंध समाप्त कर दिया है।

# ईडी के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, शवयात्रा निकालकर जलाया पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर शुक्रवार को शहर और ग्रामीण जिला कांग्रेस ने संयुक्त रूप से ईडी के खिलाफ पटेल चौक में प्रदर्शन किया। इस दौरान पहले शव यात्रा निकाली गई। इसके बाद पुतले को आगे के हवाले कर दिया गया। कार्यकर्ताओं एवं पुलिस के बीच हल्की झूमा-झटकी भी हुई। वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं एवं पुलिस अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद स्थिति सामान्य हुई। कांग्रेस ने केंद्र एवं राज्य सरकार की दमनकारी नीतियों, केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग तथा कांग्रेस नेताओं के विरुद्ध की जा रही राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसजनों ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लोकतंत्र, संविधान एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा का संकल्प दोहराया। अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। प्रवर्तन निदेशालय जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों का निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से कार्य करना लोकतंत्र की आवश्यकता है, लेकिन जिस प्रकार विपक्ष के नेताओं और कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को लगातार निशाना बनाया जा रहा है, उससे एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। भाजपा सरकार ने ईडी जैसी एजेंसियों को राजनीतिक हथियार बनाकर लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने का प्रयास किया है। इस दौरान कोषाध्यक्ष विक्रांत अग्रवाल, हरीश ठाकुर, किसान कांग्रेस अध्यक्ष पुकेश चंद्राकर, महामंत्री राम सूर्यवंशी, संगीत डोरी, राजेश मानिकपुरी, संतोष बाफना, कमलेश साहू, श्रीकांत वर्मा, प्रकाश ठाकुर, सरोजनी चंद्राकर, सुनीता चन्नेवर, महेंद्र निषाद, अभिषेक जांगड़े, मोहित वालदे, गोपाल यादव, रामप्यारी वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

## प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर जिला कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन



### राजनीतिक दबाव में काम कर रही ईडी

राकेश ठाकुर ने ईडी को केंद्र सरकार का तोता बताते हुए कहा कि आज ईडी एक निष्पक्ष जांच एजेंसी के बजाय केंद्र सरकार के इशारों पर काम करने वाली संस्था बनती जा रही है। भाजपा अपने राजनीतिक विरोधियों को डराने, बदनाम करने और लोकतांत्रिक आवाज को दबाने के लिए ईडी का दुरुपयोग कर रही है। जब भी भाजपा किसी राज्य में राजनीतिक रूप से कमजोर पड़ती है या विपक्ष मजबूत होता है, तब ईडी को आगे कर दिया जाता है। कांग्रेस पार्टी इस तरह की प्रतिशोध की राजनीति से डरने वाली नहीं है और संविधान तथा लोकतंत्र की रक्षा के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष करती रहेगी। धीरज बाकलीवाल ने कहा कि देश में लोकतांत्रिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्ष को डराने और प्रताड़ित करने की राजनीति की जा रही है।

## कलेक्टर ने मोतिमपुर एवं अंजोरा ढाबा समूह जल प्रदाय योजनाओं का किया निरीक्षण

# एक माह के भीतर 103 गांवों में पहुंचेगा शिवनाथ नदी से साफ पानी, तैयारी पूरी

## मोतिमपुर के 53 गांव और अंजोरा ढाबा के अंतर्गत 50 गांव होंगे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध एवं सतत पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कलेक्टर अभिजीत सिंह ने शुक्रवार को धमधा के मोतिमपुर तथा दुर्ग के अंजोरा ढाबा समूह जल प्रदाय योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने इंटेकवेल, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तथा संपूर्ण जलापूर्ति व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आगामी एक माह के भीतर दोनों योजनाओं से नियमित जलापूर्ति प्रारंभ करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दोनों वाटर ट्रीटमेंट प्लांटों में चल रही ट्रायल रन एवं टेस्टिंग प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने प्लांट में शिवनाथ नदी के पानी के शुद्धिकरण की पूरी प्रक्रिया को देखा तथा जल गुणवत्ता परीक्षण की प्रगति की जानकारी ली। दोनों परियोजनाओं में शिवनाथ नदी से इंटेकवेल के माध्यम से पानी लाकर फिल्टर प्लांट तक पहुंचाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। वर्तमान में नदी का पानी फिल्टर प्लांट तक पहुंच रहा है, जहां उसका शुद्धिकरण किया जा रहा है। इसके बाद शुद्ध पेयजल को पाइपलाइन के माध्यम से गांवों में निर्मित टंकियों तक पहुंचाया जाएगा और वहां से प्रत्येक घर में नल कनेक्शन के जरिए पेयजल उपलब्ध



### गोबरा नवागांव में 6.5 एमएलडी का फिल्टर प्लांट

धमधा के मोतिमपुर में शिवनाथ नदी पर इंटेकवेल तथा गोबरानवा में 6.5 एमएलडी क्षमता के आधुनिक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया गया है। इस योजना से 53 गांवों को शुद्ध पेयजल की नियमित आपूर्ति मिलेगी। वहीं दुर्ग विकासखंड की अंजोरा ढाबा समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत भेड़सर-गनियारी शिवनाथ नदी से पानी लाकर 8.5 एमएलडी क्षमता के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में शुद्ध किया जा रहा है, जिससे 50 गांवों के ग्रामीण लाभान्वित होंगे। दोनों योजनाओं के तहत पाइपलाइन, जल टंकियों एवं गांवों तक पेयजल पहुंचाने की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं भी पूरी कर ली गई हैं। आगामी एक माह के भीतर दोनों योजनाओं से कुल 103 गांवों के घर-घर शिवनाथ नदी का शुद्ध पेयजल पहुंचने लगेगा, जिससे ग्रामीणों की बोरवेल और भू-जल पर निर्भरता काफी हद तक समाप्त हो जाएगी।

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक योजनाओं की समीक्षा भी की

कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न जल प्रदाय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने जिले में प्रगतिरत सात समूह जल प्रदाय योजनाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने योजनाओं का लाभ समय पर ग्रामीणों तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत विकासखंड धमधा में ब्लॉक स्तरीय जल परीक्षण प्रयोगशाला के लिए भूमि आवंटन पर भी सहमति प्रदान की गई। इस प्रयोगशाला के स्थापित होने से धमधा विकासखंड के सभी ग्रामों में पेयजल की गुणवत्ता की नियमित जांच एवं परीक्षण की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी, जिससे सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। बैठक में विभागीय अधिकारी मौजूद थे।



# रेलिंग के सहारे सेल्फी बन सकती है जानलेवा, शिवनाथ नदी में सुरक्षा बढ़ाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

बरसात के मौसम में शिवनाथ नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ संभावित हादसों को देखते हुए शिवसेना ने नदी किनारे सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने की मांग उठाई है। शिवसेना भिलाई जिला अध्यक्ष राजू गुप्ता ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शिवनाथ नदी के किनारे लगी सुरक्षा रेलिंग के आसपास भीड़ पर प्रतिबंध लगाने और आवश्यक सुरक्षा उपाय लागू करने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि बरसात के दौरान बड़ी संख्या में लोग शिवनाथ नदी का बढ़ा हुआ जलस्तर देखने पहुंचते हैं। इस दौरान कई लोग सुरक्षा रेलिंग के सहारे खड़े होकर मोबाइल से फोटो, वीडियो, रील और सेल्फी बनाने में व्यस्त रहते हैं। भीड़ और उत्साह के कारण लोग यह भूल जाते हैं कि नदी किनारे की जमीन फिसलन भरी और बेहद खतरनाक होती है। शिवसेना का कहना है कि कई लोग रेलिंग पर शरीर का पूरा भार डालकर खड़े हो जाते हैं और अन्य लोग भी उनकी देखा-देखी ऐसा करने लगते हैं। लंबे समय तक नमी और पानी के संपर्क में रहने से लोहे की रेलिंग और पाइपों में जंग लगने की आशंका रहती है, जिससे उनकी मजबूती प्रभावित हो सकती है। ऐसी स्थिति में रेलिंग के सहारे खड़े लोगों के सीधे गहरे पानी में गिरने का खतरा बना रहता है।संगठन ने प्रशासन से नदी किनारे सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, भीड़ को नियंत्रित करने और लोगों को सतर्क करने के लिए चेतावनी बोर्ड, बैरिकेडिंग तथा पुलिस निगरानी बढ़ाने की मांग की है। साथ ही आम नागरिकों से अपील की गई है कि बरसात के दौरान तेज बहाव वाली नदियों के किनारे अनावश्यक रूप से न जाएं और सेल्फी या वीडियो बनाने के लिए अपनी जान जोखिम में न डालें। ज्ञापन सौंपने के दौरान सुरेंद्र यादव, राजू गुप्ता, जसवंत सिंह पप्पू मानिकपुरी आदि मौजूद थे।

- शिवसेना के जिला अध्यक्ष ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति त्याग और सिद्धांतों की प्रेरक गाथा

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय, भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, शंकर लाल देवांगन, शिरीष अग्रवाल, दिव्या भसीन आदि उपस्थित थे। मुख्य अतिथि प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रहित, सिद्धांतों और जनसेवा के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत की प्रथम केंद्र सरकार में उद्योग और आपूर्ति मंत्री के रूप में महत्वपूर्ण दायित्व निभाने के बावजूद जब उन्हें लगा कि सरकार की कुछ नीतियां राष्ट्रहित के अनुरूप नहीं हैं, तब उन्होंने मंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया। यह निर्णय इस बात का प्रमाण है कि उनके लिए पद नहीं, बल्कि राष्ट्र सर्वोपरि था। भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन



राष्ट्रसेवा, त्याग, संगठन और सिद्धांतों के प्रति अटूट निष्ठा का प्रतीक है। डॉ. मुखर्जी ने अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है और आवश्यकता पड़ने पर सत्ता का त्याग भी किया जा सकता है। प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई के सभी मंडलों, शक्ति केंद्रों एवं बूथों पर भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण किया तथाउनके राष्ट्रवादी विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। साथ ही प्रत्येक बूथ पर 125 पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है।

# वेतन विसंगति के खिलाफ स्वास्थ्य कर्मचारियों ने भरी हुंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की संभाग स्तरीय बैठक दुर्ग में आयोजित हुई। बैठक में स्वास्थ्य कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं, वेतन विसंगति, निजीकरण और संगठन को मजबूत बनाने सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर अहम निर्णय लिए गए। इस दौरान वेतन विसंगति और निजीकरण के खिलाफ स्वास्थ्य कर्मचारियों ने हुंकार भरते हुए आंदोलन की चेतावनी भी दी।

इम्पेक्स के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, संरक्षक और सलाहकार ओपी शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में बढ़ता निजीकरण गंभीर चिंता का विषय है। नियमित पदों पर भर्ती नहीं होने से लैब टेक्नीशियन, रेडियोग्राफर, स्टाफ नर्स और फार्मासिस्ट जैसे कोर्स करने वाले युवाओं के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि जीवनदीप समिति के कर्मचारियों को नियमित पदों पर समायोजित किया जाना चाहिए और स्वास्थ्य कर्मचारियों की वेतन विसंगति जल्द दूर की जानी चाहिए। प्रदेश महामंत्री और प्रवक्ता सैय्यद असलम ने



बताया कि संगठन की मजबूती, सदस्यता अभियान को तेज करने तथा स्वास्थ्य कर्मचारियों की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए रणनीति बनाई गई। बैठक में आठवें वेतनमान लागू होने से पहले स्वास्थ्य कर्मचारियों की वेतन विसंगति दूर कराने के लिए शासन-प्रशासन पर दबाव बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में विभिन्न जिलों में स्वास्थ्य कर्मचारियों पर हुई दंडात्मक कार्रवाई की निंदा करते हुए निर्दोष कर्मचारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई वापस लेने तथा बर्खास्त कर्मचारियों की बहाली की मांग उठाई गई। इसके लिए संघ का प्रतिनिधिमंडल दुर्ग कलेक्टर और स्वास्थ्य विभाग के सचिव से मुलाकात करेगा। तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित पदोन्नति पर भी नाराजगी जताई गई।

### बर्खास्तगी को बताया अन्यायपूर्ण

दुर्ग जिला अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में बढ़ता निजीकरण युवाओं के रोजगार पर सीधा असर डाल रहा है। उन्होंने जिले के पांच स्वास्थ्य कर्मचारियों की बर्खास्तगी को अन्यायपूर्ण बताते हुए इसे कर्मचारियों का शोषण करार दिया। बैठक के दौरान नर्सिंग कैडर की मंजू राय को उनकी सेवाओं के लिए शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वाहन चालक अब्दुल सलीम खान को सेवानिवृत्ति पर और सहायक ग्रेड-2 नशकर टंडन को वेटलिफ्टिंग में स्वर्ण पदक जीतने पर सम्मानित किया गया। बैठक में प्रदेश और संभाग के पदाधिकारी और विभिन्न जिलों के स्वास्थ्य कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। संचालन संभागीय अध्यक्ष अजय नायक ने किया।

## मिलेट और टीबीआई योजना के तहत आया फंड

# 72 महिला समूहों को मिलेट हेल्थ कार्ट और 24 स्टार्टअप्स को मिलेगा अनुदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय सीएसवीटीयू भिलाई ने जुलाई माह में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति अरुण अरोरा ने प्रतिक्षा बघेल और हितेंद्र तन्ना के साथ मुख्यमंत्री से भेंट कर उन्हें निमंत्रण सौंपा।

- सीएसवीटीयू के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बनने का न्योता

विश्वविद्यालय की सेक्शन-8 संस्था सीएसवीटीयू-फोर्ट के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान आरईसी फाउंडेशन के सहयोग से संचालित 4.59 करोड़ रुपए की मिलेट परियोजना के प्रथम चरण में 72 महिला स्व-सहायता समूहों को पूरी तरह निःशुल्क मिलेट हेल्थ कार्ट वितरित किए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य मिलेट आधारित खाद्य परंपरा को बढ़ावा देने के साथ ग्रामीण महिलाओं की आजीविका और पोषण सुरक्षा को मजबूत करना है। इसके अलावा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार की 4.96 करोड़ रुपए की निधि आई टीबीआई परियोजना के तहत चयनित 24 स्टार्टअप्स को 50 लाख रुपए तक के इग्निशन ग्रांट के चेक वितरित किए जाएंगे। इनमें 50 प्रतिशत से अधिक स्टार्टअप्स अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवा उद्यमियों द्वारा संचालित हैं।




HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सैन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सैन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# जनसेवा ही जनप्रतिनिधियों का सबसे बड़ा धर्म : सांसद विजय

## अहिवारा में 133 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात
## सांसद विजय बघेल ने किया भूमिपूजन और लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिका परिषद अहिवारा में लगभग 133 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल थे। अध्यक्षता अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने की। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विधानंद कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, उपाध्यक्ष अशोक बाफना सहित जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को अनुग्रह प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए। समारोह में यादव भवन, उड़िया पारा और टाउनशिप में सामुदायिक




भवन, विभिन्न वार्डों में आरसीसी नाली निर्माण, मुक्तिधाम सुविधा विस्तार, एवी स्कूल के पास बॉक्स क्रिकेट ग्राउंड, आंगनबाड़ी भवन समेत कई विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया गया।

सांसद विजय बघेल ने कहा कि जनता का विश्वास ही जनप्रतिनिधियों की सबसे बड़ी ताकत है और जनसेवा ही उनका सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर क्षेत्र के विकास के लिए सभी को मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अहिवारा-जामुल जल प्रदाय योजना से लगभग 35 गांवों को लाभ मिलेगा। साथ ही उन्होंने अशोक बाफना की मांग पर डोमशेड निर्माण के लिए 20 लाख रुपए देने की घोषणा की। नगर पालिका अध्यक्ष विधानंद कुशवाहा ने कहा कि अहिवारा नगर पालिका कर संग्रह, वृक्षारोपण और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रदेश की अग्रणी नगरपालिकाओं में शामिल है। कार्यक्रम के बाद सांसद विजय बघेल ने 25 लाख रुपए की लागत से विकसित बाटलीवाला क्रिकेट ग्राउंड का अवलोकन किया और खिलाड़ियों के साथ क्रिकेट खेलकर उनका उत्साह भी बढ़ाया। नगर पालिका परिषद अहिवारा के आयुक्त प्रवीण गहलोत ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप



### आंगनबाड़ी केंद्र में किया पौधारोपण, लिया संकल्प

**उतई।** महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम मचांदूर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 3 में पर्यावरण संरक्षण अभियान के अंतर्गत वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा उतई मंडल के महामंत्री प्रवीण यदु शामिल हुए। अध्यक्षता आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जयंती साहू ने की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रभा साहू, शकुन यदु, तेजेश्वरी, सरस्वती पाठक, खिलेश्वर साहू, नागेश्वर साहू, पूर्णिमा, हेमा, संतोषी साहू, दीपिका, साधना सहित महिलाएं एवं बड़ी संख्या में पालक एवं बच्चे उपस्थित थे।

### बोल बम कांवर यात्रा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आज

**पाटन-सेलूद।** बोल बम कांवर यात्रा समिति, पाटन क्षेत्र द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य एवं विशाल कांवर यात्रा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आगामी यात्रा को सफल, सुव्यवस्थित और ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से समिति द्वारा आवश्यक तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक 11 जुलाई को आयोजित की गई है।
यह बैठक पाटन स्थित रेस्ट हाउस में समिति के संयोजक जितेन्द्र वर्मा की उपस्थिति में संपन्न होगी, जिसमें कांवर यात्रा से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में यात्रा मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं, चिकित्सा सहायता, जल एवं विश्राम व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक तैयारियों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। समिति द्वारा प्रतिवर्ष यात्रा निकाली जाती है। इस बार भी यात्रा को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। इसे लेकर 11 जुलाई को बैठक बुलाई गई है। बैठक में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के भक्तों और सदस्यों को सुझाव के लिए आमंत्रित किया गया है।

## निधन

### जयदीप वर्मा



**भिलाई।** सेक्टर 10 क्वार्टर नं. 2 बी सड़क नं. 35 निवासी (47 वर्षीय) जयदीप वर्मा का हृदयाघात से निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार सुबह 11 बजे दुर्ग के शिवनाथ मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी । वे कल्याण महाविद्यालय के प्राचार्य रहे डॉ. अवध राम वर्मा के सुपुत्र हैं और रेणुका वर्मा के पति थे।

### संदीप कश्यप



**पाटन-सेलूद।** नगर पंचायत पाटन वार्ड क्रमांक 04 निवासी संदीप कश्यप (45) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार 11 जुलाई को अखरा (पाटन) स्थित मुक्तिधाम में सुबह 11बजे होगा। वे भाग्य व राज के पिता और बस्तर जगदलपुर के पत्रकार हेमंत कश्यप के भतीजे थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।


## जिम से सामान चोरी, अब असामाजिक तत्वों का लगा रहता है डेरा

# करोड़ों का खेल परिसर बना भूत बंगला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

छत्तीसगढ़ युवाओं के भविष्य को संवारने और उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से करोड़ों की लागत से बना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। पाटन नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 05 में शासकीय चंदू लाल चंद्राकर महाविद्यालय के ठीक सामने स्थित यह भव्य इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स अब 'भूत बंगले' में तब्दील हो चुका है। हैरान कर देने वाली बात यह है कि इस भावन का अब तक आधिकारियो भी नहीं पहुंचा पाया है, और यह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। जिम का सभी समान चोरी हो गया है। यहां बिजली की सुविधा नहीं है। अधेरे की वजह से यहां प्रवेश वर्जित है। इससे यहां असामाजिक तत्वों का डेरा लगा रहता है।

दिन ढलते ही यहाँ नशेडियों का डेरा जम जाता है। सुरक्षा व्यवस्था न होने और परिसर के सूनेपन का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व यहाँ खुलेआम अनैतिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। कॉलेज के ठीक सामने होने के कारण यहाँ से गुजरने वाले छात्र-छात्राओं और राहगीरों में भी अब असुरक्षा और भय का माहौल बना रहता है।



### कागजों पर 'वर्ल्ड क्लास', जमीन पर बर्बादी

पूर्व मुख्यमंत्री और पाटन के तत्कालीन विधायक भूपेश बघेल के शासनकाल में निर्मित इस परिसर को हाई-टेक इंडोर गेम्स के लिए तैयार किया गया था। यहाँ युवाओं के लिए स्विमिंग पूल, हाई-टेक जिम, बैडमिंटन कोर्ट, टेबल टेनिस और बिलियर्ड्स रूम, आर्चरी, तीरंदाजी, योगा, वेट लिफ्टिंग रूम और जिमनास्टिक हॉल जैसी तमाम विश्वस्तरीय सुविधाएं बनाई गई थीं। लेकिन आज स्थिति इसके बिल्कुल उलट है। नए-नवेले महंगे उपकरण बिना इस्तेमाल के ही जंग खाकर जर्जर हो रहे हैं।

### विद्युतीकरण के नाम पर लगभग 143.73 लाख का अंधेर

इस खेल परिसर में केवल विद्युतीकरण के कार्य के लिए 143.73 लाख रुपये (लगभग 1.43 करोड़) की भारी-भरकम राशि पास की गई थी। लेकिन धरातल पर बिजली की चकाचौंध तो दूर, आज पूरा परिसर अंधेरे में डूबा हुआ है। स्थानीय नागरिकों और युवाओं का सीधा आरोप है कि यह पूरी राशि भ्रष्टाचारियों की जेब में चली गई है। आज यहाँ हर एक चीज टूटी-फूटी और बदहाल स्थिति में है। जिम का सामान और पंखे ले उड़े चोर सुरक्षा और देखरेख के अभाव में यह सरकारी संपत्ति अब चोरों का अड्डा बन चुकी है। जिम के कई महंगे उपकरण, सामान और परिसर में लगे पंखे तक चोरी हो चुके हैं। खिड़की-दरवाजे टूटे पड़े हैं और करोड़ों की लागत से बना यह कंक्रीट का ढांचा अब पूरी तरह बर्बाद हो रहा है।

**जनता का सवालः क्या फिर मरम्मत के नाम पर होगा घोटाला :** पाटन के युवाओं और नागरिकों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि पूर्व सरकार के कार्यकाल में युवाओं के नाम पर केवल पैसों का बंदरबांट हुआ। अब जनता के मन में यह बड़ा सवाल उठ रहा हैः क्या अब इस जर्जर हो चुके परिसर की मरम्मत के लिए फिर से लाखों-करोड़ों का नया फंड पास किया जाएगा? और क्या फिर कोई नया टेंडर जारी कर नया घोटाला करने की तैयारी की जा रही है स्थानीय युवाओं का कहना है कि पाटन के खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के दावों के साथ खिलवाड़ किया गया है। अब देखना यह होगा कि वर्तमान प्रशासन इस महाघोटाले और परिसर में पनप रहे अपराध पर क्या संज्ञान लेता है, दोषियों पर क्या कार्रवाई होती है, और पाटन के युवाओं को उनका हक कब तक मिल पाता है।


## बिजनेस साइट

### बीएम कॉलेज और बीएम आईटीआई दुर्ग में प्रवेश प्रारंभ

**दुर्ग।** बीएम कॉलेज, गोकुल नगर, पुलगांव दुर्ग हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से मान्यता प्राप्त संस्था है। इसके




अंतर्गत बीसीए, बीबीए, पीजीडीसीए और बीएड कोर्स संचालित है। बीएड के लिए कॉलेज कोड 114336 है। बीएड प्रवेश की प्रक्रिया काउंसलिंग द्वारा होगी। संस्था में एसी लैब, क्लासरूम और वाई फाई कैंपस की सुविधाएं उपलब्ध है। संस्था का विगत वर्षों का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा है। बीएम कॉलेज की स्थापना सन 2008 में हुई है। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग में प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रारंभ है। बीएम प्राइवेट आईटीआई, एनसीवीटी दिल्ली और छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था है जिसके अंतर्गत ट्रेड- कोपा कंप्यूटर, इलेक्ट्रीशियन, फायर टेक्नोलॉजी एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी मैनेजमेंट, डीजल मैकेनिक, हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर एवं स्टेनो हिंदी कोर्स संचालित है। फायर टेक्नोलॉजी एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी मैनेजमेंट की डिमांड नगर-निगम, रेलवे तथा बड़े-बड़े मॉल्स, हॉस्पिटल, रिफाइनरी फैक्ट्री तथा अन्य एवं हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर की डिमांड नगर निगम तथा रेलवे डिपार्टमेंट में है। छत्तीसगढ़ राज्य शासन के बजट के अनुसार राज्य के 10 जिलों में फायर स्टेशन की स्थापना होना है जिसमें दुर्ग, रायपुर एवं बिलासपुर जिला भी शामिल है। संस्था द्वारा आरक्षित वर्ग हेतु छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध है। छात्र अपनी सुविधानुसार ट्यूशन फीस को किस्तों में भी जमा कर सकते हैं।

### काउंसिलिंग के पहले राउंड में ही रूंगटा आर-1, बीआईटी एसएसआईपीएमटी और सभी सीजीआईटी की सीटें फुल

**भिलाई।** प्रदेश के इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए चल रही काउंसलिंग के तहत पहले चरण की सीटों



का आवंटन शुक्रवार को जारी हो गया। इस अलॉटमेंट के पहले चरण में ही रूंगटा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के संघटक रूंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज आर-1 की सभी 1458 सीटें अलॉट हो गई हैं। इसी तरह बीआईटी दुर्ग, एसएसआईपीएमटी और प्रदेश के तमाम गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज सीजीआईटी की सीटों पर भी शत प्रतिशत अलॉटमेंट हुआ है। इस समय प्रदेश में सबसे अधिक सीटें रूंगटा आर-1 कॉलेज की हैं, जिसमें छत्तीसगढ़ के साथ-साथ अन्य राज्यों के छात्रों ने भी इंजीनियरिंग शिक्षा के लिए विशेष तरजीह दी है। इस साल छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय की यूटीडी की भी सभी 155 सीटों पर अलॉटमेंट हुआ है। शंकराचार्य टेक्निकल कैंपस की 1181 सीटों में से पहले चरण में 624 सीटों का आवंटन हुआ है। कुल मिलाकर विद्यार्थियों ने इंजीनियरिंग शिक्षा के लिए निजी कॉलेजों में भिलाई-दुर्ग के इंजीनियरिंग संस्थानों पर सबसे ज्यादा भरोसा जताया है। इस साल प्रदेश के 11 इंजीनियरिंग कॉलेजों में सर्वाधिक तेजी से सीटें अलॉट हुई हैं। जिन विद्यार्थियों को सीट अलॉट हो गई हैं, अब उनको 11 से 15 जुलाई तक कॉलेज पहुंचकर एडमिशन लेने होंगे। प्रथम चरण के एडमिशन पूरे होने के बाद दूसरे चरण में बीटेक पंजीयन के लिए 17 से 21 जुलाई तक समय दिया गया है। दूसरे चरण की मेरिट सूची 22 जुलाई को आएगी। वहीं 25 जुलाई को द्वितीय चरण काउंसलिंग का आवंटन आएगा।

### ओम ज्वेलर्स मे आकर्षक उपहार एवं डिस्कॉउंट

**दुर्ग।** दुर्ग ओम ज्वैलर्स शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग शॉप नंबर 64 b प्रिया सिंगर सदन के सामने ओम ज्वैलर्स अपने भाव शोरूम के लिए जाना माना है। जहां आपको अनगिनत डिजाइन देखने को मिलता है। श्री सोनी ने बताया सोने की बढ़ती हुई महंगाई को देखते हुए मासिक ई योजना चालू किए हैं जिसमें 1000 से लेकर आपके बजट तक हर महीना का किस्त जमा कर सकते हैं। 12 महीने की रेगुलर किस्त जमा होने पर आपको एक महीने की किस्त ज्वेलर्स के द्वारा दी जाती है। सोनी ने बताया कि पैसा लाने ले जाने का जोखिम को देखते हुए घर पहुंच सेवा उपलब्ध किया गया है जिसमें अपनी पसंद की डिजाइन को खरीद कर पेमेंट आप घर से भी कर सकते हैं। इसके अलावा टोटल ऑनलाइन, चेक, एटीएम, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट किया जाता है।




सोनी ने बताया कि पुराने गहने को बिल्कुल नया बनाये वो भी बिना वजन घटे। ज्वेलरी की रिपेयरिंग की तत्काल सुविधा उपलब्ध है आगे दिवाली, त्यौहार सीजन को देखते हुए नई-नई डिजाइनों की विस्तार रेंज उपलब्ध है जिसमें ग्राहक अपने मनपसंद डिजाइन बुकिंग कर पसंद की जेवर शुभ मुहूर्त पर ले जाएं। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि हमारे यहां टोटल 916 (22 कैरेट)833 (20कैरेट )एवं 750(18कैरेट) के टोटल हॉलमार्क गहने उपलब्ध है। जिसमें भारत सरकार के द्वारा 6 अंकों का डिजिट कोड एच यू आईडी अंकित किया मिलेगा पूरे शहर में सबसे कम दाम पर उपलब्ध हैं जिसमें 0% चांदी की मेकिंग चार्ज एवं सोने पर जितना सोना उतना चांदी फ्री एवं न्यूनतम मजदूरी दर के साथ ग्राहकों को उपलब्ध किया जाता है।




## यादव और साहू समाज भवन की बहुप्रतीक्षित मांग हुई पूरी

### विधायक ने 1.25 करोड़ रुपए की विकास कार्यों की रखी आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रिसाली नगर निगम अंतर्गत ग्राम डुंडेरा के वार्ड 35 और 36 में लगभग 1 करोड़ 25 लाख रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन कर आधारशिला रखी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर ने पूजा-अर्चना कर नवीन विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इन कार्यों में यादव समाज सामुदायिक भवन के लिए 20 लाख रुपए और साहू समाज भवन के लिए 10 लाख रुपए की राशि भी शामिल है। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि साहू समाज और यादव समाज के भवन की जो मांग वर्षों से थी, वह आज पूरी हो रही है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार समाज के हर वर्ग के सम्मान और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। रिसाली क्षेत्र में सड़क, नाली, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ सामुदायिक भवनों के निर्माण से सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर रिसाली महापौर शशि सिन्हा, जिला मंत्री शैलेन्द्र शेंडे, मंडल अध्यक्ष राजू राकेश जंघेल, विधायक प्रतिनिधि गोविन्द साहू, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, पार्षद विक्की खिलेन्द्र चंद्राकर, रोहित धनकर, सरिता देवांगन, ईश्वरी सिन्हा, ममता सिन्हा, महामंत्री नरेन्द्र निर्मलकर,महिला मोर्चा अध्यक्ष शिखा तिवारी आदि उपस्थित थे।



### राष्ट्रीय सह साधन प्रावीण्य परीक्षा में श्रद्धा को राज्य की प्रावीण्य सूची में स्थान

**कुम्हारी।** धमधा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले विद्यालय जजंगिरी सेजेस की छात्रा श्रद्धा इंदौरिया ने राष्ट्रीय सह साधन प्रावीण्य परीक्षा में छत्तीसगढ़ स्तर पर प्रावीण्य सूची में स्थान बनाया है। उन्हें इस राष्ट्रीय स्तर की स्कालरशिप परीक्षा में कुल 146 अंक प्राप्त हुए हैं। इस वर्ष शाला से कुल 4 छात्र छात्राओं श्रद्धा इंदौरिया,जया देवांगन , गगन साहू एवं लाभेश गुप्ता को इस परीक्षा में विशेष सफलता हासिल हुई है1 इस परीक्षा में शानदार प्रदर्शन के लिए मार्गदर्शक रही शिक्षिका अंजना सिंह ने सफलता का श्रेय नोडल अधिकारी पवन सिंह को दिया है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष दुर्ग जिले के धमधा ब्लॉक से कुल 61 विद्यार्थी चयनित हुए हैं। शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक केशव पटेल, धमधा विकासखंड शिक्षा अधिकारी अथर्व शर्मा एवम एबीईओ कैलाश साहू और स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम शाला जंजगिरी की प्राचार्या मिनी गोपीनाथन बधाई दी है।

## अंचल की खबरें

### पर्यावरण संरक्षण और सुपोषण का दिया संदेश



**सेलूद।** जामगांव (एम.) एवं पाटन स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग के एकीकृत कार्यालय परिसर में पौधरोपण का आयोजन किया गया। जनपद पंचायत पाटन अध्यक्ष कीर्ति नायक ने इसकी शुरुआत की तथा उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ पर्यावरण संरक्षण एवं सुपोषण का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत दुर्ग की सभापति नीलम राजेश चंद्राकर, जनपद सदस्य संतोषी ठाकुर, युवा भाजपा नेता अजीत ठाकुर, परियोजना अधिकारी यमुनेश पांडे एवं छाया वर्मा, नगर पंचायत पाटन की उपाध्यक्ष निशा योगेश सोनी, नगर पंचायत पाटन की सभापति नेहा बाबा वर्मा, अन्नपूर्णा पटेल, पार्षद संगीता धुरंधर, पार्षद जीतू निर्मलकर और पार्षद चंद्रप्रकाश देवांगन सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### शाला प्रबंधन समिति गठित, मनाया प्रवेशोत्सव



**उतई।** दुर्ग ब्लॉक के हायर सेकंडरी स्कूल मचांदुर में शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से थानसिंह साहू अध्यक्ष व डागेश्वरी साहू उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। इस दौरान प्राथमिक ,मिडिल व हाई हायर सेकंडरी स्कूल में नवीन कक्षाओं में आने वाले बच्चों को गुलाल लगाकर,मिठाई खिलाकर, पुस्तक,कपड़े आदि वितरण कर शाला प्रवेश की बधाई दी गई। इस अवसर पर सरपंच संघ अध्यक्ष व ग्राम प्रधान युगल किशोर साहू, उपसरपंच दुष्यंत कुमार साहू, जन भागीदारी पूर्व अध्यक्ष नवाब खान, भाजपा महामंत्री प्रवीण यदु,सोसाइटी अध्यक्ष फलेंद्र सिंह बैस, प्राचार्य वर्मा, चौधरी, सिंह,रात्रे और कल्पना सहित स्टाफ,प्रधानाचार्य पूर्णिमा साहू, दुलारी ठाकुर, अंजू गोस्वामी सहित स्टाफ पंच गणपत साहू, मंशाराम राम साहू, भारती यादव, उत्तरा गोस्वामी, आशा पटेल, कौशिल्या साहू, विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के पालक शिव कुमार साहू, तोरण लाल साहू,गोकुल यादव, विश्वनाथ साहू, विजय शर्मा,लिकेश्वर साहू,लक्ष्मीनारायण रात्रे,रूपेंद्र देवांगन,राजेन्द्र साहू,महेश कुमार साहू,दयालु राम यादव, तारिणी देवांगन,संगीता देवांगन सहित अधिक संख्या में पालक गण उपस्थित रहे।

### विश्व जूनोसिस दिवस पर जनजागरूकता कार्यक्रम



**अण्डा।** विश्व जूनोसिस दिवस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निकुम में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को जूनोसिस (पशुओं से मनुष्यों में फैलने वाली बीमारियों) के प्रति जागरूक करना तथा बचाव और उपचार संबंधी आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि रेबीज,ब्रुसेलोसिस, बर्ड फ्लू और अन्य कई संक्रामक रोग पशुओं से मनुष्यों में फैल सकते हैं। इन बीमारियों से बचाव के लिए पशुओं का समय-समय पर टीकाकरण, स्वच्छता का पालन, संक्रमित पशुओं से दूरी तथा किसी भी प्रकार के पशु के काटने या संपर्क में आने पर तत्काल चिकित्सकीय सलाह लेने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को जूनोसिस रोगों के लक्षण, बचाव के उपाय तथा समय पर उपचार के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही आमजन से अपील की गई कि वे स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और किसी भी संदिग्ध लक्षण की स्थिति में तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निकुम के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी, मितानिन समन्वयक तथा मितानिन प्रेरक उपस्थित रहे। सभी ने जनस्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लोगों तक स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण संदेश पहुंचाने का संकल्प लिया।

### कुरुद में शाला प्रबंधन समिति का गठन



**जामुल।** दुर्ग जिले के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुरूद, भिलाई में गुरूवार 09 जुलाई को सत्र 2026-27 हेतु शाला प्रबंधन समिति गठन कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन प्रीतम साहू, शिक्षक ने किया। यहां सर्वसम्मति से कमलजीत प्रसाद को अध्यक्ष, अनुसूइया निषाद को उपाध्यक्ष, पुष्पा तिर्की संस्था प्रधान, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुरूद, भिलाई को सचिव तथा कंचनलता पाटिल उच्च वर्ग शिक्षक को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। समिति के सदस्यगण में अनीता साहू पार्षद, वार्ड क्रमांक 22 कुरूद , अजय कुमार साहू, कमल सिंह साहू, राम देवांगन, जिरेंद्र कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, पालकों एवं ग्राम के सम्मानित नागरिकों का चयन किया गया। सभी सदस्यों ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नियमित उपस्थिति, विद्यालय की शैक्षणिक प्रगति तथा भौतिक विकास में सक्रिय सहयोग प्रदान करने का संकल्प व्यक्त किया। बैठक में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं समस्त सदस्यों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, संस्कारयुक्त शिक्षा तथा विद्यालय के निरंतर विकास हेतु महत्वपूर्ण सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। यह संपूर्ण कार्यक्रम संस्था प्रधान पुष्पा तिर्की के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

अंडा। पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से बुधवार 08 जुलाई को ग्राम आमटी के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-01, सेक्टर अंडा में वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। सरपंच दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी के साथ उपसरपंच डॉ. तुलाराम साहू, पंच पंकज पटेल, मोहन लाल, कन्हैया चौधरी, मेघनाथ निषाद, ताम्रध्वज साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शशिकला चौधरी, सहायिका रामहीन पटेल सहित आदि मौजूद थे।

# निगम आयुक्त 1.50 करोड़ और एमआईसी 10 करोड़ तक विकास कार्य को करेंगे मंजूर

**हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई**

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नगर निगम, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों में विकास कार्यों की स्वीकृति प्रक्रिया को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। नए आदेश के तहत विभिन्न निकायों में अधिकारियों एवं निर्वाचित परिषदों की वित्तीय शक्तियों का निर्धारण किया गया है, जिससे विकास कार्यों के अनुमोदन और निविदा प्रक्रिया में स्पष्टता आएगी। तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के बाद प्रकरण को प्रशासनिक स्वीकृति के लिए सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। खास बात यह है कि निकायों की जनसंख्या के आधार पर अधिकारियों एवं परिषदों की वित्तीय सीमा निर्धारित की गई है। जो दुर्ग, भिलाई, रिसाली और भिलाई-चरोदा नगर निगमों में लागू होंगे। इसके अलावा तीन नगर पालिकाओं में कुम्हारी, अमलेश्वर, अहिवारा व जामुल और तीन नगर पंचायतें पाटन, धमधा व उतई में नई व्यवस्था लागू की जा सकेगी।

## भिलाई, दुर्ग, रिसाली ,भिलाई तीन चरोदा सहित निकायों में वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति की नई व्यवस्था लागू

### जनसंख्या के हिसाब से निगमों में ऐसी व्यवस्था

**10 लाख से अधिक जनसंख्या**

10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले निगम में आयुक्त 1.50 करोड़ रुपए तक की प्रशासनिक स्वीकृति दे सकेंगे। 1.50 करोड़ से 6 करोड़ रुपए तक के कार्य मेयर-इन-काउंसिल तथा 6 करोड़ से 10 करोड़ रुपए तक के कार्य निगम परिषद की स्वीकृति से होंगे।

**तीन लाख जनसंख्या वाले निगम**

3 लाख से 10 लाख जनसंख्या वाले निगमों में आयुक्त को 1 करोड़ रुपए तक की शक्ति दी गई है। 1 से 3 करोड़ रुपए तक के कार्य मेयर-इन-काउंसिल तथा 3 से 10 करोड़ रुपए तक के कार्य निगम परिषद स्वीकृत करेगी।

**तीन लाख से कम जनसंख्या वाले निगम**

3 लाख से कम जनसंख्या वाले निगमों में आयुक्त 50 लाख रुपए तक, मेयर-इन-काउंसिल 50 लाख से 2 करोड़ रुपए तक तथा निगम परिषद 2 करोड़ से 6 करोड़ रुपए तक के कार्यों को मंजूरी दे सकेगी।

### नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत में यह तय

नगर पालिका परिषदों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ), प्रेसिडेंट-इन-काउंसिल और परिषद की वित्तीय शक्तियां अलग-अलग निर्धारित की गई हैं। बड़ी नगर पालिकाओं में सीएमओ 2 लाख रुपए तक तथा छोटी नगर पालिकाओं में 1 लाख रुपए तक के कार्यों को स्वीकृति दे सकेंगे। नगर पंचायतों में सीएमओ को 50 हजार रुपए तक की प्रशासनिक स्वीकृति का अधिकार दिया गया है।



### टेंडर में अब ऐसी होगी अमानत राशि

1 लाख से 5 लाख रुपये तक की निविदा पर 1 प्रतिशत अमानत राशि जमा करनी होगी, जो न्यूनतम 2 हजार रुपये से कम नहीं होगी। 5 लाख से 2 करोड़ रुपये तक की निविदा पर 0.75 प्रतिशत अमानत राशि देनी होगी, जो न्यूनतम 5 हजार रुपये होगी। 2 करोड़ रुपये से अधिक की निविदाओं पर 0.50 प्रतिशत अमानत राशि निर्धारित की गई है। इसकी सीमा न्यूनतम 1.50 लाख रुपये और अधिकतम 5 लाख रुपये तक रखी गई है।

### ठेकेदारों का नया वर्गीकरण

निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और क्षमता के आधार पर ठेकेदारों को पांच श्रेणियों में बांटा गया है। जिसमें श्रेणी ए में 10 करोड़ रुपये से अधिक के कार्य, कोई ऊपरी सीमा नहीं। श्रेणी बी में 2 करोड़ से 10 करोड़ रुपये तक के कार्य। श्रेणी सी में 1 करोड़ से 2 करोड़ रुपये तक के कार्य। श्रेणी डी में 1 करोड़ रुपये तक के कार्य और श्रेणी ई में 20 लाख रुपये तक के ब्लॉक स्तर के कार्य किए जा सकेंगे।

---

## खबर संक्षेप



### पावर प्लांट ऑपरेशन में सुरक्षा पर तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में पावर प्लांट ऑपरेशन में सुरक्षा विषय पर तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन विकास केंद्र (एचआरडीसी) में किया गया। सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग (एसईडी) द्वारा नेशनल सेफ्टी काउंसिल (एनएससी), मुंबई के सहयोग से आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पावर एंड ब्लोइंग स्टेशन (पीबीएस) एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आयोजित किया गया है। उद्घाटन सत्र में मुख्य महाप्रबंधक देवदत्त सतपथी तथा महाप्रबंधक पी कृष्णमोहन उपस्थित थे। श्री देवदत्त सतपथी ने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों के साथ सक्रिय संवाद स्थापित करने, प्रश्न पूछने तथा अपने व्यावहारिक अनुभव साझा कर अधिकतम लाभ प्राप्त करने का आह्वान किया। कृष्णमोहन ने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को अपने दैनिक कार्यों में अपनाकर विभाग में मजबूत सुरक्षा संस्कृति विकसित करने का आग्रह किया।प्रशिक्षण कार्यक्रम के तकनीकी सत्रों का संचालन नेशनल सेफ्टी काउंसिल, मुंबई के विशेषज्ञ संकाय सदस्य पीके सिंह व बीके लुहा द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान पावर प्लांट सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञ व्याख्यान, संवादात्मक चर्चा, सत्र आयोजित किए गए।

---

### कृषि विभाग से बदली व्यवस्था, अब राजस्व विभाग और सहकारी समिति करेंगे पंजीयन

# एक ऋण पुस्तिका में दर्ज सभी लोगों का एग्री स्टेक पंजीयन अनिवार्य, तभी बेच सकेंगे धान

**देवीलाल साहू ⏭भिलाई**

समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन की व्यवस्था इस बार बदल दी गई है। एक ऋणपुस्तिका में दर्ज सभी लोगों के नाम से पंजीयन करवाना होगा। तभी धान बेच सकेंगे। वहीं पिछले साल तक कृषि विभाग एग्री स्टेक पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करवा रहा था लेकिन इस बार अब सहकारी समितियां और राजस्व विभाग संयुक्त रूप से पंजीयन करेंगे।

31 अक्टूबर तक किसानों को पंजीयन के लिए समय दिया गया है। खास बात यह है कि ऐसी भी व्यवस्था की गई है कि यदि कोई किसान अपने खेत को अधिया या रेगहा में दिया है तो इसे लेने वाले किसान के नाम से भी एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन होगा। इसके लिए संबंधित कृषि भूमि के मालिक और रेगहा लेने वाले किसान के बीच विधिवत एग्रीमेंट पेपर होना चाहिए। दुर्ग जिले में पिछले साल वर्ष 2025-26 में 1.12 लाख किसानों ने एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराया था, लेकिन पोर्टल में तकनीकी खामियां आने की वजह से किसानों को परेशानी उठानी पड़ी।

## एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन करवाने की नई व्यवस्था से होगी किसानों को सुविधा



### इस तरह समझें पंजीयन की बदली व्यवस्था

**अधिया व रेगहा वालों का ऐसा पंजीयन**

**केस 1** यदि कोई किसान की 10 एकड़ जमीन है और वह छत्तीसगढ़ से बाहर रहता है। उसने अधिया या रेंगहा पर कृषि जमीन ली है। तो कृषि जमीन के मालिक और अधिया रेगहा लेने वाले किसान के बीच विधिवत एग्रीमेंट की कापी एग्री स्टेक पोर्टल में अपलोड करना होगा। इसका सत्यापन राजस्व विभाग से जुड़े पटवारी व अधिकारी करेंगे। जिस खसरा नंबर पर जमीन है उसका भुईंया पोर्टल में अपलोड कर पुष्टि की जाएगी। धान बेचने पर रेगहा व अधिया लेने वाले किसान के खाते में ही पैसा आएगा।

**एक ऋण पुस्तिका में 4 पंजीयन**

**केस 2** रामलाल नामक किसान के चार पुत्र हैं। रामलाल की मृत्यु हो गई और उनके चारों पुत्रों के नाम पर फावती आ गई लेकिन नामांतरण नहीं हुआ है। उस स्थिति में रामलाल के एक ऋण पुस्तिका में उनके चारों पुत्रों का नाम आएगा। चारों के नाम से एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन करवाया जाएगा।

**जमीन खरीदी व ब्रिकी पर पंजीयन**

**केस 3** यदि श्यामलाल नामक किसान ने इस साल अपनी 3 एकड़ कृषि जमीन बेच दी। उसकी जमीन रामकुमार ने खरीदी। ऐसे में एग्री स्टेक पोर्टल में श्यामलाल का रकबा कटेगा और रामकुमार नए किसान के रूप में दर्ज होगा। इसी तरह यदि कोई किसान जितनी जमीन बेचता है या खरीदता है तो उतना हिस्सा एग्रीपोर्टल में कम या ज्यादा दर्ज करवाना जरूरी है। ऋण पुस्तिका, आधार व लिंक मोबाइल नंबर अनिवार्य रहेगा।

**3 स्थानों पर जमीन तो 1 आईडी**

यदि किसी किसान का जमीन तीन स्थानों में है तो एक ही आईडी बनेगा लेकिन खाते में तीन लोगों का नाम दर्ज है तो सभी का यूनिक आईडी बनेगा। नियमानुसार पंजीयन के बाद पंजीकृत किसानों की सूची उपलब्ध कराने शासन स्तर से निर्देश दिए गए है।

**इस तरह पंजीयन की प्रक्रिया करें किसान**

जिन किसानों ने अब तक एग्री स्टेक पंजीयन नहीं कराया है, उन्हें ऋण पुस्तिका के साथ आधार कार्ड ले जाकर कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी में जरुरी प्रोसेस कराना होगा। इसके लिए लिंक मोबाइल नंबर बताना होगा। पहले सिर्फ मुखिया को पंजीयन कराना होता था। जिसके आधार पर समर्थन मूल्य पर धान बेचते थे लेकिन अब उनके सह खातेदारों के नाम भी दर्ज होंगे।

**सूची ग्राम पंचायत व सेवा सहकारी समिति में चस्पा**

एग्री स्टेक पंजीयन के लिए खातेधारों, सह खातेदारों एवं खाते के सभी खसरा नंबर का पंजीयन अनिवार्य कराना है। छूटे हुए खातेदार, सह खातेदारों, किसानों की सूची ग्राम पंचायत व समिति में चस्पा होने के साथ-साथ हल्का पटवारी एवं आईओ के पास भी उपलब्ध है। हल्का पटवारी को गांव में तीन बार मुनादी कराने निर्देश दिए गए है। राजस्व व कृषि विभाग के अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर धान बेचने के लिए सभी श्रेणी के किसानों के लिए एग्री स्टेक (किसान आईडी) पंजीयन अनिवार्य कर दिया गया है। जितने भी नाम शामिल है, सभी का पंजीयन अनिवार्य किया गया है।

---

# सेवानिवृत्त फौजी पति, सास समेत परिवार के खिलाफ अपराध दर्ज

**भिलाई।** दहेज प्रताड़ना मामले में पुलिस ने सेवानिवृत्त भारतीय सेना के जवान समेत सास, ननद और अन्य के खिलाफ प्रताड़ना, घरेलू हिंसा, मारपीट, चरित्र पर संदेह और जान से मारने की शिकायत महिला पुलिस थाने में दर्ज कराई है। महिला पुलिस थाना ने बताया कि निक्की पासवान की शादी 21 अक्टूबर 2021 को सेक्टर-6 स्थित आर्य समाज मंदिर में नागौर जिला राजस्थान निवासी मूलचंद सरवा से हुई थी। वे भारतीय सेना से सेवानिवृत्त है। महिला ने आरोप लगाया है कि शादी के शुरुआती दो वर्ष तक सब कुछ ठीक चल रहा था। बेटा के जन्म के बाद पति, सास गीता बाई, ननद ललिता और पति के पहली पत्नी का बेटा मनीष सरवा का व्यवहार बदल गया। आरोप है कि ससुराल पक्ष दहेज में कुछ नहीं लाने की बात कहकर प्रताड़ित करते थे। मायके से नकदी लाने का दबाव भी बनाता था। मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ गाली-गलौज, मानसिक प्रताड़ना और मारपीट पीड़िता के साथ की जाती थी। पीड़िता ने शिकायत में कहा कि पति उस पर चरित्रहीन होने का आरोप भी लगाया करता था।

# इंटकवेल से जलापूर्ति बाधित होने पर नपा अध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**भिलाई।** नगर पालिका परिषद जामुल में झेंझरी इंटकवेल से जलापूर्ति बधित होने पर अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने निरीक्षण किया। जहां पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने की सूचना पर निरीक्षण के दौरान इंटकवेल का मुख्य पाइप फटने की जानकारी मिली। उसे तुरंत अपडेट कर जामुल पालिका क्षेत्र के लोगों को पेयजल समस्या से निदान करने निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नपा के अधिकारियों को पाइप की मरम्मत का कार्य जल्द करे। जल्द से जल्द नियमित पेयजल आपूर्ति बहाल हो सके। नागरिकों को पेयजल उपलब्ध कराना नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को मरम्मत कार्य की सतत निगरानी करने और जलापूर्ति शीघ्र सामान्य करने के निर्देश दिए है। नगर पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि मरम्मत कार्य पूर्ण होने तक सहयोग और संयम बनाए रखें। जलापूर्ति बहाल करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। निरीक्षण में सीएमओ रमाकांत साहू, उप अभियंता सचिन भागवत, ओम ओबेरॉय समेत कर्मी मौजूद थे।

---

# मुख्यमंत्री गृह सम्मान योजना के तहत पूर्ण आवास वाले हितग्राहियों का सम्मान

**हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई**

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के बीएलसी घटक अंतर्गत जिन हितग्राहियों ने अपना आवास पूर्ण कर लिया है, उन्हें मुख्यमंत्री गृह सम्मान योजना के तहत नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार कक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्ण आवास वाले समस्त पात्र हितग्राहियों को सम्मान प्रदान करते हुए उनके नए आवास के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के आदेशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत 76 हितग्राहियों का मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हितग्राहियों को ''कार्य पूर्ण प्रमाण पत्र'' प्रदान किया गया है जिसमें नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, एम आई सी सदस्य चंद्रशेखर गवई, उपायुक्त डी के कोसरिया, प्रधानमंत्री आवास योजना के



नोडल अधिकारी अजीत कुमार तिग्गा, कार्यपालन अभियंता कुलदीप गुप्ता, पार्षद प्रदीप सेन, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन, सामाजिक विशेषज्ञ किरण चतुर्वेदी, इंजीनियर आदित्य ठाकुर , कुणाल सिंह, अभिषेक बजाज, वास्तुविद अविनाश जैन एवं मनीष यादव के पूरे सर्वेयर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भिलाई के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए कोसा नाला स्थित बौद्ध भूमि परिसर में पौधरोपण किया गया।

# पद्मश्री दिवंगत तीजन के योगदान का हो सही मूल्यांकन

**विमल शंकर झा ⏭भिलाई**

अपनी अप्रतिम कला साधना से आधी सदी से अधिक वक्त तक औद्योगिक तीर्थ भिलाई सहित छत्तीसगढ़ की माटी को देश दुनिया में सुवासित करने वालीं पंडवानी

- **कलाकारों व परिवार को लोककला अकादमी व परिजनों को नौकरी की आशा**

गायिका और गुरु पद्मविभूषण तीजन बाई का अवसान अपने प्रदेश की ही नहीं बल्कि पूरे देश की कभी न भर पाने वाली क्षति है। लंबे दर्दनाक पक्षाघात से उनका निधन उनकी लंबी बीमारी और मुफलिसी से जूझ रहे परिवार ही नहीं कला जगत के लिए भी वज्राघात है। देश की इस सांस्कृतिक दूत का तंबूरे की तान



हमेशा के लिए मौन हो जाने से पंडवानी जगत की रिक्तता के साथ उनके जरुरतमंद बड़े संयुक्त परिवार के जीविकोपार्जन पर संकट आ गया है। तीजन बाई के परिजनों और कलाकारों को केंद्र व राज्य सरकार से भिलाई में लोक कला अकादमी के गठन के साथ उनके ताजिंदगी संघर्षशील परिवार के परिजनों को शासकीय नौकरी उबलब्ध कराने की उदारमना आशा है।

70 के दशक में पैतृकग्राम गनियारी से मात्र 10 बरस की नन्ही सी उम्र से कापालिक शैली में पंडवानी गायन कर शुरु कर 6 दशकों तक छग व पूरे देश सहित 18 देशों में छग की कलापताका फहराने वाली तीजन बाई की कला की तरह उनका संघर्ष व योगदान भी अनूठा है। अशिक्षा, गरीबी और पुरुषप्रधान दकियानूसी समाज के काल में चौतरफा संघर्ष कर जिस ऊंचे मयार पर वे पहुंची उसकी नजीर कम ही मिलती है। बीएसपी की कर्मचारी बतौर उन्हें नेहरु पुरस्कार सहित भारत सरकार के पद्मश्री, पद्मभूषण व पद्मविभूषण, संगीत नाटक अकादमी अलंकरण व रविशंकर विवी रायपुर सहित 5 विवि डाक्टरेट की मानद उपाधि पाने व देश विदेश में 50 से अधिक शिष्य तैयार करने वाली वें छग की इकलौती पंडवानी गायिका हैं। असीम लगन से सामाजिक बहिष्कार माहौल में गलकर, तपकर विपरीत हालतों में भी पुत्र के ह्दयाघात से मरणासन्न पक्षाघात फिर 5 जुलाई को दिवंगत तीजन बाई जहां लोककलाजगत की लाइट हाउस तो अपने 33 सदस्यीय परिवार की इकलौती पारनहाल भी थीं। परिजनों ने बताया कि 3 साल बेड पर रहने और छग व प्रदेश तथा बाहर हर पैथी का मंहगा इलाज के साथ पंडवानी कार्यक्रमों पर विराम से लाखों रुपए खर्च होने से रिटायर व दिवंगत पंडवानी गुरु के निम्न मध्यम वर्गीय परिवार के सामने अब आगे परिवार का भरणपोषण कैसे होगा यह सवाल परिवार व कलाकार दोनों की मथ रहा है। परिवार में 3 में सिर्फ 1 पुत्र दिलहरण जीवित होने व 3 बेटों एक गोद ली हुई बेटी के बच्चे पुत्र पौत्रों व नातियों का परिवार है जिनमें कोई भी शासकीय नौकरी में नहीं होने से आय का बड़ा जरिया नहीं है। तीजन के सहकलाकार व पीएस रहे धन्नूलाल सिन्हा व मनहरण सार्वा ने बताते हैं कि पंडवानी गुरु के दीर्घ योगदान को देखते हुए छग व केंद्र सरकार को छग में लोककला अकादमी स्थापना के साथ परिजनों को शासकीय नौकरी देकर हमारी सरकार उनके कला ऋण से उऋण होने का सौभाग्य हासिल कर सकती है। तीजन बाई की आखिर तक सेवा करने वालीं बहू रेण बताती हैं कि उन्हें विश्वास है कि छग सरकार व सीएम जरुर तीजन बाईजी की स्मृति में कुछ बड़ी कला संस्थान की सौगात के साथ हमारे जरुरतमंद परिवार के मदद के लिए परिजनों को सरकारी नौकरी देंगे। वरि. रंगकर्मी नकुल महलवार बताते हैं कि तीजन बाई को भारत रत्न की मांग कला जगत कर रहा है।

---

### दुर्ग जिले में शिक्षा सुधार की कवायद, जेडी डॉ. राव ने प्राचार्यों की तय की जवाबदारी

# पहली से लेकर बारहवीं तक अकादमिक कार्य करेंगे प्राचार्य

**हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई**

संयुक्त संचालक डॉक्टर के . वी.राव शिक्षा संभाग दुर्ग द्वारा दुर्ग जिले की समस्त शासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों,विकासखंड शिक्षा अधिकारियों ,सहायक जिला परियोजना अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा की बैठक ली ।बैठक में उन्होंने सर्वप्रथम समस्त प्राचार्यों को यह स्पष्ट किया कि प्राचार्य की भूमिका हाई /हायर सेकंडरी विद्यालय तक नहीं है अपितु कक्षा पहली से 12वीं तक की संपूर्ण जवाबदारी एक संकुल प्रभारी के रूप में है जो न केवल अपने विद्यालय के लिए जवाबदार होंगे बल्कि उनके अधीन संकुल के सभी विद्यालय के अकादमिक कार्यों की समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु जवाबदार भी होंगे। संयुक्त संचालक ने शिक्षा मंत्री की मंशा अनुरूप कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों के स्तर सुधार हेतु किस प्रकार कार्य किया जाना है इस पर विस्तार से चर्चा की गई।

**शिक्षकों की कमी पर अपनाएंगे बहु शिक्षण सिस्टम**

संयुक्त संचालक डॉ. राव ने कहा कि एक विद्यालय में पांच कक्षाओं के लिए यदि मात्र दो या तीन शिक्षक हैं तो बहु कक्षा शिक्षण अध्यापन का तरीका अपनाया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शिक्षकों के साथ-साथ विद्यार्थियों को ब्लूप्रिंट की चार अवधारणाएं - ज्ञानात्मक ,अवरोध,कौशल और अनुप्रयोग की स्पष्ट समझ होनी चाहिए यह बेहतर परिणाम लाने का उचित व शशक्त माध्यम हो सकता है। उपस्थित विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को प्रशासनिक मॉनिटरिंग के बजाय कक्षा 1 से 12वीं तक सघन एकेडमी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए।





**15 दिनों के अंतराल में पाठ्यक्रम का किया जाएगा रिव्यू**

प्राचार्य को 15 -15 दिन के अंतराल में स्टाफ की बैठक कर पाठ्यक्रम का रिव्यू करने को कहा गया क्योंकि कई बार यह देखा जाता है कि शिक्षकों के द्वारा पाठ्यक्रम के निर्धारित क्रमानुसार अध्यापन नहीं कराया जाता है जबकि पाठ्यक्रम वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सीखने के क्रम को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जाता है। यह भी निर्देश दिए गए कि विद्यालय में स्थापित स्मार्ट बोर्ड का समुचित उपयोग हो तथा समुचित उपयोग हेतु शिक्षकों का स्मार्ट बोर्ड पर कार्य करने का नियमित अभ्यास होना अनिवार्य है। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थी एवं कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष रणनीति तैयार कर कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक के अंत में सभी प्राचार्य को नई शिक्षा सत्र में अकादमी स्तर सुधार हेतु फोकस होकर संपूर्ण जवाबदारी के साथ कार्य करने को कहा गया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा के साथ-साथ संभाग एवं जिला स्तर के अन्य अधिकारी मौजूद थे।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, शनिवार 11 जुलाई 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

02



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती

लाइव इवेंट

## हर पौधा सतत भविष्य की नींव, फलदार और छायादार पौधों का रोपण कर लिया संकल्प



**भिलाई।** पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाते हुए पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, हॉस्पिटल सेक्टर भिलाई में महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण अभियान उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। इस अभियान में विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और महाविद्यालय के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। इस अभियान की शुरुआत पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने, पारिस्थितिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने और हरित एवं स्वस्थ भविष्य के निर्माण में सभी को प्रेरित करने के लिए किया गया। महाविद्यालय परिसर में हरियाली और जैव विविधता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रकार के फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रोजा प्रिन्सी ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक पर्यावरणीय गतिविधि नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रकृति के संरक्षण की हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से लगाए गए पौधों को अपनाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। डॉ. रोजा प्रिन्सी ने कहा कि आज लगाया गया प्रत्येक पौधा एक सतत एवं समृद्ध भविष्य की नींव है।

### विद्यार्थियों ने लिया पर्यावरण रक्षा का संकल्प

पौधरोपण अभियान में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। उन्होंने अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण-अनुकूल व्यवहार अपनाकर प्रकृति की रक्षा करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, प्रदूषण में कमी लाने और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने वाली पहलों का सक्रिय समर्थन करने की सामूहिक शपथ के साथ हुआ। कॉलेज के जिम्मेदारों ने कहा कि यह कार्यक्रम पर्यावरण के प्रति जागरूक स्वास्थ्य सेवा प्रोफेशनल्स के निर्माण और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करने का प्रतीक है।



लाइव इवेंट

## भिलाई विद्यालय में शपथ ग्रहण समारोह अनुशासन और कर्तव्य की दिलाई शपथ



**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के भिलाई विद्यालय, सेक्टर-2 में छात्र परिषद के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। छात्र-छात्रा पदाधिकारियों को पदनाम-चिन्ह एवं सदन पट्टिका प्रदान कर उनके कर्तव्यों से अवगत कराया गया। शाला नायक चंदन यादव ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। प्राचार्य विजय सिंह पवार ने विद्यार्थियों से कहा कि वे सदैव अपने शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास पर ध्यान दें तथा प्रत्येक दिन स्वयं को पहले से बेहतर बनाने का प्रयास करें। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए ऐसे कार्य करें, जिनसे विद्यालय का नाम गौरवान्वित हो। विद्यालय में शैक्षणिक व सह-शैक्षणिक गतिविधियों के प्रभावी संचालन के लिए विद्यार्थियों को चैरिटी, फेथ, होप एवं पीस चार सदनों में विभाजित किया गया। वरिष्ठ प्रीफेक्ट के रूप में चैरिटी सदन से नागेश एवं कु. संजना साव, फेथ सदन से दीपक एवं कु. महिमा, होप सदन से आदित्य कुमार शाह एवं कु. लक्ष्मी बाघ तथा पीस सदन से कुनाल कुमार व योगिता साहू को दायित्व सौंपा गया। वहीं चैरिटी सदन से साईं रजक व. खुशी देवांगन, फेथ सदन से अभिनव कुमार एवं कु. सुहानी पाढ़ी, होप सदन से ओम सिंह एवं कु. सृष्टि साव तथा पीस सदन से रोशन प्रभाष व विद्या का चयन किया गया।

### सदनों के संचालन के लिए जिम्मेदारी दी

सदनों के मार्गदर्शन एवं संचालन के लिए शिक्षक वर्ग से सुनीता अनिल, सजिथा राजेश, संगीता मिश्रा और वंदना सोनवानी को मेंटर तथा एसएन. साहू, गोवर्धन साहू, सतीश मिश्रा और डॉ. उपमा शुक्ला को डिप्टी मेंटर नियुक्त किया गया। सदनों की गतिविधियों के मूल्यांकन एवं समन्वय का दायित्व व्याख्याता सरिता शाक्या, डीके साहू, एमके पुरैना, पवन कुमार अग्रवाल और पंचराम साहू को सौंपा गया।कार्यक्रम का संचालन संगीता मिश्रा व शाला नायिका रिया राजभर ने आभार प्रदर्शन किया।



इंदिरा नगर वार्ड 16 में प्रथम वर्ष पर भक्ति का उमड़ा सैलाब

# नौ दुर्गा झांकियों और डीजे की धुन पर निकली मां शीतला की शोभा यात्रा, माता की चौकी में देर रात तक गूंजे भजन



**भिलाई।** माता शीतला मंदिर समिति द्वारा निकाली गई शोभायात्रा दोपहर 2 बजे मां शीतला मंदिर से प्रारंभ होकर श्रीराम मंदिर, बजरंग मंदिर, इंदिरा चौक, गदा चौक होते हुए सुपेला स्कूल मार्ग से होती हुई देर शाम मां शीतला प्रांगण में वापस पहुंची।

**गर्मी से राहत और बीमारियों से बचाव की कामना को लेकर सुपेला इंदिरा नगर वार्ड 16 स्थित मां शीतला मंदिर समिति द्वारा जुड़वास के दौरान क्षेत्र को संक्रमण से बचाने माता शीतला की प्रथम वर्ष की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। नौ दुर्गा झांकियों, डीजे और भक्तों के जयकारों के साथ पूरा क्षेत्र भक्तिमय रंग में रंगा दिखाई दिया। इस अवसर पर शीतला माता को सफेद साड़ी पहनाकर श्रृंगार किया गया। इस दौरान भक्तों ने माता के दर्शन कर आर्शिवाद प्राप्त किया। शुक्रवार की शाम को माता की चौकी का आयोजन किया गया। जिसमें देर रात तक भक्त माता के भजनों में नाचते-झूमते रहे।**

### नौ झांकियां बनीं आकर्षण का केंद्र

शोभायात्रा में धमधा से भिलाई पहुंची नौ दुर्गा झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। इस शोभायात्रा में रायपुर से शेर डांस, धमधा से डमरू झांकी, अघोरी झांकी और धुमाल सहित 9 झांकियां शामिल हुई। यह शोभायात्रा जिन मार्गो से निगली वहां लोगो द्वारा आरती उतारकर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में तीन डीजे पर भक्ति गीतों की धुन पर भक्त नाचते-झूमते नगर भ्रमण कर वापस शीतला मंदिर पहुंचे।

### सफेद साड़ी में माता का श्रृंगार

आयोजक समिति के भूषण साव ने बताया कि मान्यतानुसार ग्रीष्म ऋतु के बाद जब बारिश की शुरुआत होती है तो कीड़े-मकोड़े और संक्रामक बीमारियां फैल सकती हैं। इससे बचाव के लिए मां शीतला की पूजा की जाती है। माता साल में एक बार सफेद वस्त्र धारण कर नगर भ्रमण पर निकलती हैं और शहर की सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। इसलिए इस दौरान हर साल शीतला मंदिर से यात्रा निकाली जाती है। लेकिन इस बार यह आयोजन पहली बार इतने भव्य रुप से निकाली गया है।

### माता की चौकी और जागरण

दो दिवसीय आयोजन के दूसरे दिन माता की चौकी और जागरण का आयोजन मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया। शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक चले इस कार्यक्रम में राजनांदगांव के अभी कौशिक, सुनील देवघर और भिलाई कृष्णा नगर के मंगल वर्मा की टीम ने माता के भजनों और जसगीतों से भक्तों को भावविभोर कर दिया। भजनों पर बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे देर रात तक माता के गुणगान करते रहे। मंदिर परिसर जय माता दी के नारों से गूंजता रहा।





**समिति के पदाधिकारियों का रहा विशेष योगदान**

इस दो दिवसीय आयोजन को सफल बनाने में मां शीतला मंदिर समिति के पदाधिकारियों का बड़ा योगदान रहा। समिति ने कहा कि अगले वर्ष भी इसी उत्साह के साथ मां शीतला की शोभा यात्रा और चौकी का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में अनिल सोनकर, भूषण साव, एस बाला राजू, राजेंद्र गुप्ता, विष्णु चौहान, मंगल सिंह सहित समिति के अन्य सदस्य दिन-रात जुटे रहे। सुरक्षा, स्वच्छता और भक्तों की व्यवस्था को लेकर समिति ने पुख्ता इंतजाम किए थे।

## कोक ओवन एवं कोल केमिकल्स में मॉक ड्रिल

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल्स विभाग के सीसीडी-3, यूनिट-500 में एनडीआरएफ व एसडीआरएफ, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, अग्निशमन सेवाएं तथा भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों की सहभागिता से संयुक्त आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। टीम ने आपदा की तैयारी को कसौटी पर परखा। मॉक ड्रिल के दौरान यूनिट-500 के स्क्रबर क्षेत्र में अमोनिया स्क्रबर गैस बायपास वाल्व से कोक ओवन गैस रिसाव की काल्पनिक स्थिति तैयार की गई। गैस लाइन में रिसाव की मरम्मत के लिए ब्लैंकिंग कार्य किया जाने के दौरान दौरान बायपास वाल्व के पूर्णतः आइसोलेट नहीं होने के कारण कार्बन मोनोऑक्साइड गैस लीकेज से 8 श्रमिकों में से 7 श्रमिक गैस के संपर्क में आने से अचेत हो गए। सुरक्षा टीम ने तत्काल प्रभावित क्षेत्र को तत्काल सील कर्मियों को सुरक्षित स्थान पर भेजा गया। एनडीआरएफ। सभी अचेत श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार केंद्र पहुंचाया। बचाव अभियान पूर्ण होने के उपरांत पोर्टेबल गैस डिटेक्टर एवं गैस एनालाइजर की सहायता से ऑक्सीजन एवं कार्बन मोनोऑक्साइड की मात्रा का परीक्षण किया गया। गैस स्तर सुरक्षित सीमा में पाए जाने के बाद क्षेत्र को सामान्य परिचालन के लिए सुरक्षित घोषित किया गया।



## एक शाम मरहूम शायरों के नाम का आयोजन आज



**भिलाई।** आईना ए अदब उर्दू हिंदी संगम तंजीम भिलाई-दुर्ग की ओर से नशिस्त-काव्य गोष्ठी एक शाम मरहूम शायरों के नाम का आयोजन शनिवार 11 जुलाई को दोपहर 3 बजे से इंडियन कॉफी हाउस सुपेला भिलाई में आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर नीलमचंद सांखला सेवानिवृत न्यायाधीश हाईकोर्ट बिलासपुर उपस्थित होंगे। सदारत उस्ताद शायर अब्दुस्सलाम कौसर राजनांदगांव करेंगे। विशेष अतिथि उर्दू के अफसाना निगार शायर रौनक जमाल दुर्ग, शायर लतीफ खान लतीफ दल्लीराजहरा, शायर अब्दुल वहीद खान रिटायर्ड सब डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर दुर्ग, मशहूर शायरा नुरू सबाह खान सबा दुर्ग, वरिष्ठ साहित्यकार प्रदीप भट्टाचार्य, साहित्यकार डी, पी, देशमुख और कवि ओमप्रकाश शर्मा होंगे। आयोजन की तैयारी को लेकर गुरुवार को संगठन की बैठक हुई। जिसमें प्रदेश भर से आमंत्रित 50 से ज्यादा साहित्यकारों से संपर्क किया गया और आयोजन की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। आयोजन में मौजूदा दौर के हिंदी-उर्दू के तमाम सशक्त हस्ताक्षरों को आमंत्रित किया गया है। वहीं इस अंचल की पहचान रहे मरहूम (दिवंगत) शायरों और उनके योगदान को भी खास तौर पर याद किया जाएगा। इस दौरान फरीदा शाहीन, हाजी रियाज खान गौहर, शौकत इकबाल, जावेद हसन, मोहम्मद अबू तारिक, इस्माइल खान और नौशाद अहमद सिद्दीकी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

16 अगस्त को भव्य कलश यात्रा, 17 से 23 अगस्त तक जयंती स्टेडियम में गूंजेगी प्रदीप मिश्रा की वाणी

कार्नर न्यूज

# लगातार तीसरी बार भिलाई में होगी पं. प्रदीप मिश्रा की शिवमहापुराण कथा, गोल्डन बुक रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य

**भिलाई।** सावन के पावन महीने में आस्था का सैलाब एक बार फिर भिलाई में उमड़ेगा। बोल बम सेवा कल्याण समिति द्वारा आयोजित शिवमहापुराण कथा इस बार भी सावन के महीने में लगातार तीसरी बार 7 दिवसीय कथा का आयोजन किया जाएगा । सावन में लगातार तीन साल कथा के आयोजन का गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने का लक्ष्य भी रखा गया है। इस भव्य आध्यात्मिक महोत्सव के आयोजक दया सिंह ने बताया कि कथा 17 अगस्त से 23 अगस्त तक जयंती स्टेडियम में पंडित प्रदीप मिश्रा की पावन वाणी से होगी।

### 16 अगस्त को निकलेगी भव्य कलश यात्रा

शिवमहा पुराण कथा की शुरुआत 16 अगस्त को भव्य कलश यात्रा से होगी। दया ने बताया कि कलश यात्रा सेक्टर-5 स्थित गणेश मंदिर से दोपहर में प्रारंभ होकर विभिन्न चौक-चौराहों से होते हुए जयंती स्टेडियम पहुंचेगी। आयोजन के लिए इस यात्रा को भव्य रूप दिया जाएगा। इस दौरान हर चौक-चौराहों पर भगवान शिव के अलग-अलग स्वरूपों की झांकियां सजेंगी। कहीं शिव विवाह, कहीं ओघड़दानी रूप, तो कहीं विषपान करते हुए शिव के दर्शन होंगे। कलश यात्रा में हरियाणा और मध्य प्रदेश की विशेष झांकियां, हनुमान, गणेश, नंदी की आकर्षक प्रस्तुति भी शामिल रहेगी। मार्ग में जगह-जगह भक्तों द्वारा कलश यात्रा का स्वागत किया जाएगा।



### 17 अगस्त नागपंचमी से शुरू होगी कथा

शिवमहापुराण कथा 17 अगस्त सोमवार नागपंचमी के शुभ अवसर पर जयंती स्टेडियम सिविक सेंटर में दोपहर 1 बजे से 4 बजे आयोजित की जायेगी। कथा प्रतिदिन जयंती स्टेडियम में 1 से 4 बजे तक होगी। जिसमें कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा अपनी सरल शैली में शिवमहापुराण का वाचन करेंगे।

समिति अध्यक्ष व पार्षद दया सिंह ने बताया कि आयोजन के लिए जसंती स्टेडियम में बीएसपी से जगह की अनुमति मिल गई है। प्रदीप मिश्रा दवरा सार्वजनिक रुप से कथा की घोषणा किये जाने पर प्रशासन के साथ बैठक का दौर जल्द शुरू होगा।

### छत्तीसगढ़-मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा पंडाल

इस बार आयोजन को और भव्य बनाने के लिए जयंती स्टेडियम में 5 बड़े-बड़े पंडाल लगाए जाएंगे। इसके अलावा अन्य व्यवस्थाओं के लिए भी पंडाल बनाए जाएंगे। दावा किया जा रहा है कि यह छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा पंडाल होगा। कथा के दौरान पूरे दिन भक्तों के लिए भोजन-प्रसाद की व्यवस्था भी की जाएगी। समिति ने कहा कि इस आयोजन में सभी प्रमुख नेता और अतिथि भी शामिल होंगे। जल्द ही भूमि पूजन की तिथि की घोषणा की जाएगी।

### लगातार तीसरी बार, रिकॉर्ड बनाने की तैयारी

बोल बम सेवा कल्याण समिति द्वारा लगातार तीसरी बार सावन के महीने में एक ही स्थान पर इतने बड़े स्तर पर कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कारण इसे गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे परिवार सहित इस दिव्य आयोजन में शामिल हों और शिव कृपा प्राप्त करें।

## सिटी इवेंट

### रक्तदान से बची दो मरीजों की जान, युवाओं ने निभाई जिम्मेदारी



**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय दुर्ग में समय पर मिले रक्तदान ने दो गंभीर मरीजों की जिंदगी बचाने में अहम भूमिका निभाई। ब्लड बैंक की अपील पर चार रक्तदाता तत्काल अस्पताल पहुंचे और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान किया।

- गंभीर मरीजों के लिए तत्काल जुटाया गया ए पॉजिटिव और एबी पॉजिटिव रक्त, ब्लड बैंक की अपील पर आगे आए रक्तदाता

जानकारी के अनुसार फीमेल मेडिकल वार्ड में भर्ती गंभीर मरीज सावित्री यदु को ए पॉजिटिव और रोशनी निषाद को एबी पॉजिटिव रक्त की तत्काल आवश्यकता थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला अस्पताल के ब्लड बैंक से रक्तदाताओं से संपर्क किया गया। सिविल सर्जन और अस्पताल अधीक्षक डॉ. आशीष कुमार मिंज तथा ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. संतराम चुरेंद्र के मार्गदर्शन में ब्लड बैंक स्टाफ हिमांशु चंद्राकर ने रक्तदाताओं से संपर्क किया। अपील मिलते ही शेख जुनेद (42 वर्ष) और तिलक सिंह राजपूत (50 वर्ष) ने ए पॉजिटिव रक्तदान किया, जबकि राकेश (29 वर्ष) ने एबी पॉजिटिव रक्त देकर मरीज की मदद की। इसी दौरान रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग भिलाई के बीएससी नर्सिंग अंतिम वर्ष के छात्र नीरज साहू (24 वर्ष) ने भी तीसरी बार स्वैच्छिक रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। रक्तदान के दौरान ब्लड बैंक काउंसलर टीएस एंथोनी, नर्सिंग ऑफिसर सती गुप्ता और तरुणा रावत, लैब टेक्नोलॉजिस्ट रोशन सिंह, ब्लड बैंक सुपरवाइजर रूपेश सर्पे, लैब टेक्नीशियन भूपेश दिल्लीवार, तरुण महिलागें, अंशु नेताम और माला देशमुख सहित अन्य स्टाफ मौजूद थे। अस्पताल प्रबंधन ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान किसी भी जरूरतमंद मरीज के लिए जीवनदान साबित हो सकता है। साथ ही नागरिकों से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील भी की गई।

## इवेंट लाइव

### लोक नृत्य, शास्त्रीय और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति से मोहा मन



**भिलाई।** श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर 10 भिलाई में स्थापना दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि डॉ. अनीता सावंत वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी, छग पर्यावरण संरक्षण मंडल, अटल नगर, नया रायपुर थीं। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने ओ मिट्टी के बेटे गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। तत्पश्चात कक्षा पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने भारत के विभिन्न राज्यों से सम्बंधित लोकनृत्य, शास्त्रीय तथा देशभक्ति गीतों पर नृत्य कर सबका मन मोह लिया।

विद्यार्थियों ने स्वागत गीत और राज्यगान की प्रस्तुति दी। उप प्राचार्य विजयन बीजी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और शालेय विभिन्न उपलब्धियों की जानकारी दी। शाला प्रबंधन समिति के सचिव एस स्वामीनाथन ने 40वें स्थापना दिवस की बधाई देते हुए पालकों से निवेदन किया कि वे बच्चों को मोबाइल से दूर रखें। मुख्य अतिथि ने बच्चों को अपने सांस्कृतिक धरोहर से जोड़े रखने के लिए शाला परिवार की प्रशंसा की और पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला। शालेय पत्रिका शंकरा ज्योति द्वितीय संस्करण का विमोचन किया गया। साथ ही शाला परिवार के जिन सदस्यों ने अपने सेवाकाल के 25 वर्ष पूर्ण किए उन्हें सम्मानित किया गया। कक्षा दसवीं और बारहवीं के छात्रों को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया। कक्षा दसवीं में आयुष प्रताप सिंह 99 प्रतिशत और कक्षा बारहवीं में वाणिज्य संकाय की अनुष्का अग्रवाल 97.2 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में अव्वल रहें। कई छात्रों ने कक्षा दसवी में संस्कृत, सामाजिक विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे विषयों में तथा बारहवीं के जीव विज्ञान, व्यावहारिक गणित, लेखाशास्त्र और योग विषय में 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इसके अलावा शैक्षणिक सत्र 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा पहली से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही उस विषय से संबंधित शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन प्रधान पाठिका शीजा जॉन ने दिया किया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वी रामचंद्रन, सचिव एस स्वामीनाथन, कोषाध्यक्ष टीआर वेंकटरमन, एस चंद्रशेखर, आरएच कार्तिकेयन, उप प्रधानाचार्य विजयन बी सहित प्रधान पाठिकाएं शीजा जॉन, चरनीत कौर संधु, पालक शिक्षण समिति के सदस्य और सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



● शासकीय नर्सिंग कॉलेज दुर्ग की दो दिवसीय कार्यशाला शुरू, आज होगा समापन

# नर्सिंग पेशे में अब और बेहतर ढंग से पढ़ाई संभव सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण की जरूरत पर दिया बल

भिलाई। शासकीय नर्सिंग कॉलेज दुर्ग की दो दिवसीय कार्यशाला शुक्रवार को सीए भवन सिविक सेंटर में शुरू हुई। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा थे। सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण पर केंद्रित इस कार्यशाला में अंचल की विभिन्न नर्सिंग कॉलेजों से फैकल्टी व स्टूडेंट ने बड़ी संख्या में भाग लिया। विद्यांता ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट ने नर्सिंग कॉलेज दुर्ग के सहयोग से इंटरनेशनल नर्सिंग एसोसिएशन फॉर क्लिनिकल सिमुलेशन फॉर लर्निंग-इंडिया आरआईजी की यह दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की है। उद्घाटन सत्र में स्वागत भाषण देते शासकीय नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. रीमा राजेश ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की और वर्तमान समय में सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण की जरूरत पर बल दिया।



### कार्यशाला नर्सिंग स्टूडेंट साथ-सात फैकल्टीज के लिए उपयोगी

मुख्य अतिथि विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने अपने उद्बोधन में कार्यशाला के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह कार्यशाला न सिर्फ नर्सिंग स्टूडेंट बल्कि फैकल्टीज के लिए भी उपलब्धियों से भरी होगी। विधायक कोर्सेवाड़ा ने दोहराया कि शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय दुर्ग के भवन निर्माण के लिए वह पूरी तरह तत्पर हैं। उन्होंने आवश्यक कार्रवाई के साथ जरूरी सुविधाएं भी प्रदान करने का आश्वासन दिया। विशेष अतिथि शासकीय चंदूलाल चंद्राकर महाविद्यालय की डीन डॉक्टर तृप्ति नगारिया ने वर्तमान समय में सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण की जरूरत पर बल देते हुए उम्मीद जताई कि यह कार्यशाला नर्सिंग कॉलेजों की फैकल्टी, क्लीनिकल नर्स और एमएससी स्टूडेंट के लिए लाभकारी होगी। उद्घाटन सत्र का संचालन सहायक प्राध्यापक एस. इंदु ने और आभार प्रदर्शन सहायक प्राध्यापक डॉक्टर भावना चक्रवर्ती ने किया।



### सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण अनिवार्य क्योंकि अनमोल है हर एक जान

विद्यांता ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट गुड़गांव के मुख्य परिचालन अधिकारी सीईओ जयदीप हरबर्ट ने बताया कि जुलाई 2011 में नर्सिंग के पेशे में सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण की शुरूआत की गई थी। जिससे नर्स और डॉक्टर की कार्यक्षमता में बेहतर ढंग से वृद्धि की जा सके और उन्हें प्रतिस्पर्धी बना सके। उन्होंने बताया कि आज तक करीब 35 हजार नर्सेस और 4 हजार से ज्यादा डॉक्टर और 40 हजार से ज्यादा स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित कर चुके हैं। पूरे देश में मेडिकल प्रोफेशनल के लिए 12 लैब बनी हुई है। उन्होंने बताया कि उनका संस्थान अपनी तरह का देश का पहला लर्निंग सेंटर है और भारत में सिर्फ यही एक ही मान्यता प्राप्त संस्थान है।

### कार्यशाला का समापन आज

इस कार्यशाला का समापन समारोह शनिवार दोपहर 2 से आयोजित किया जायेगा। जिसमें मुख्य अतिथि पीजी कॉलेज आफ नर्सिंग भिलाई की प्राचार्य डॉक्टर रोजा प्रिंसी होंगी। वहीं विशिष्ट अतिथि श्रेया कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य डॉक्टर अभिषेक जेकब होंगे।

### क्या है सिमुलेशन प्रक्रिया

जयदीप ने बताया कि सिमुलेशन एक ऐसी प्रक्रिया या तकनीक है जिसमें किसी वास्तविक दुनिया की स्थिति, मशीन या प्रक्रिया का एक कृत्रिम (आभासी) मॉडल बनाया जाता है। जिससे व्यवहारिक तौर पर ज्ञान हासिल किया जा सके। नर्सिंग के पेशे में इस तकनीक के माध्यम से मरीज से जुड़ा परिवेश कृत्रिम तौर पर निर्मित किया जाता है, जिसमें स्टूडेंट को मरीज की जगह डमी पुतला दिया जाता है। इससे नर्सिंग पेशे में वर्तमान में और बेहतर ढंग से पढ़ाई संभव हो पाती है। जयदीप ने बताया इंडियन नर्सिंग काउंसिल ने सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण को बहुत ज्यादा महत्व दिया है और मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया ने इसे सभी नर्सिंग कॉलेजों के लिए अनिवार्य कर दिया है। अब हर कॉलेज में सिमुलेशन'लैब होना जरूरी है, जिससे स्टूडेंट वहां सीखे और गलती होने पर भी किसी तरह का नुकसान न हो। क्योंकि हर एक जान अनमोल है।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती

# डॉ. मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना कर राजनीति को दी नई दशा व दिशा : पवन साय



**दुर्ग।** साइंस कॉलेज में डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीजेपी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय मुख्य रूप से मौजूद थे। मंत्री गजेंद्र यादव, विधायक ललित चंद्राकर, महापौर अल्का बाघमार सहित अन्य विशेष रूप से मौजूद थे।

कार्यक्रम में आगमन पर एनसीसी कैडेट्स ने आकर्षक मार्च-पास्ट के माध्यम से अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया। एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा पारंपरिक स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय सनातन परंपरा के अनुरूप माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। हेमचंद यादव विवि के कुलपति डॉ. संजय तिवारी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का व्यक्तित्व राष्ट्रवाद, शिक्षा और सांस्कृतिक चेतना का प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। पवन साय ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन, व्यक्तित्व एवं राष्ट्र के प्रति उनके अद्वितीय योगदान का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ की स्थापना कर राष्ट्रीय राजनीति को नई दिशा प्रदान की तथा शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किए। उन्होंने स्मरण कराया कि डॉ. मुखर्जी कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे युवा कुलपति रहे तथा राष्ट्रीय एकता के लिए उनके द्वारा दिया गया उद्घोष एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे। आज भी राष्ट्रभक्ति और अखंडता का प्रतीक है। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा की श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने राष्ट्र की अखंडता, सांस्कृतिक अस्मिता और राष्ट्रीय एकता की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। आयोजित कार्यक्रम में नंदन जैन, चंदन कुमार चौबे, सुरेंद्र कौशिक, अल्का बाघमार, डॉ. अजय कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद थे। विशिष्ट वक्ता आचार्य चंदन कुमार चौबे ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय इतिहास में अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने कहा कि उनकी 125वीं जयंती पर भी देशभर में उन्हें श्रद्धापूर्वक स्मरण किया जाना उनके महान व्यक्तित्व और विचारों की प्रासंगिकता का प्रमाण है। नंदन जैन ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ के माध्यम से राष्ट्रवादी विचारधारा को सशक्त संगठनात्मक आधार प्रदान किया, जिसका प्रभाव आज भी देश के राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. ज्योति धारकर ने प्रभावी एवं गरिमामय ढंग से किया। अंत में डॉ. अजय कुमार सिंह आभार व्यक्त किया।

बी तुलसी राव बने जिला संयोजक

## सैनिक प्रकोष्ठ भिलाई की नई जिला कार्यसमिति घोषित

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी ने सैनिक प्रकोष्ठ, जिला भिलाई की नई जिला कार्यसमिति और मंडल संयोजकों की घोषणा कर दी है। यह घोषणा सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक संतोष साहू और भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन के अनुमोदन से की गई।



नई कार्यसमिति में बी तुलसी राव को जिला संयोजक बनाया गया है। रमेश सिंह और आरके साहू को सहसंयोजक, जयराम शर्मा को कोषाध्यक्ष तथा लखन साहू को सह-कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मीडिया प्रभारी के रूप में हेम प्रसाद, आमोद कुमार सिंह और पंकज कुमार साहू की नियुक्ति की गई है, जबकि राजेश कुमार को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है।इसके अलावा हरभजन सिंह, टी.एस. राजेश, सुरेश कुमार वर्मा, अमित सिंह, चंद्रभूषण सिंह, महेंद्र सिंह, डीके चौहान, एसके विश्वकर्मा सहित कई कार्यकर्ताओं को जिला कार्यकारिणी में शामिल किया गया है। संगठन ने 12 मंडलों के संयोजक और सहसंयोजकों की भी घोषणा की है। इनमें खुर्सीपार, पूर्व, पश्चिम, सुपेला, वैशाली नगर, कैम्प, जामुल, भिलाई-3, चरोदा, शीतला, जेवरा-सिरसा और कोहका मंडल शामिल हैं।

सेक्टर 9 अस्पताल में भिलाई मेनोपॉज़ सोसायटी का गठन, महिलाओं को करेंगे जागरुक

# मेनोपॉज में शारीरिक और मानसिक परिवर्तनों पर डाला प्रकाश, समय पर उपचार व परामर्श जरूरी

कार्नर न्यूज

**भिलाई ।** बीएसपी के सेक्टर 9 अस्पताल के कॉन्फ्रेंस हॉल में सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम व भिलाई मेनोपॉज़ सोसायटी के स्थापना और पदस्थापना समारोह हुआ। सोसायटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुधा शर्मा, प्रेसिडेंट-इलेक्ट डॉ. आरती गुप्ता तथा महासचिव एवं पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति जायसवाल विशेष अतिथि थे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेन्द्र ठाकुर, पूर्व सीएमओ डां, विनीता और प्रसूति और स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डॉ. नीना गुहा सहित सेक्टर 9 अस्पताल के डाक्टर भी उपस्थित थे। डॉ. जायसवाल ने जेनरल एल्मेंट्स इन मेनोपॉज पर व्याख्यान देते हुए मेनोपॉज के दौरान महिलाओं में होने वाले शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तनों, समय पर पहचान तथा समुचित उपचार एवं परामर्श की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। डॉ. सुधा शर्मा ने इंडियन मेनोपॉज़ सोसायटी की गतिविधियों की जानकारी दी।



### कार्यकारिणी हुई गठित

इस अवसर पर भिलाई मेनोपॉज़ सोसायटी की प्रथम कार्यकारिणी का गठित की गई। डॉ. निशा ठाकुर को संस्थापक अध्यक्ष, डॉ. प्रभदीप कौर संस्थापक सचिव, डॉ. हिमानी गुप्ता कोषाध्यक्ष, डॉ. मोनीदीपा साहा उपाध्यक्ष तथा डॉ. श्वेता रानी प्रसाद को संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया। सोसायटी का उद्देश्य अस्पतालों एवं संस्थानों के विशेषज्ञों को एक साझा मंच प्रदान कर पेरिमेनोपॉज़ल एवं मेनोपॉज़ल आयु वर्ग की महिलाओं की समग्र स्वास्थ्य आवश्यकताओं की देखभाल सुनिश्चित करना, रजोनिवृत्ति संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

### जल्द हो डॉ, नर्स व तकनीशियनों की भर्ती

सेक्टर 9 अस्पताल के निजीकरण के खिलाफ संयुक्त यूनियन, संयंत्र के अंदर केंटीनों और यूआरएम में और बाहर कर्मचारियों के बीच जन संपर्क अभियान के दौरान इस्पात मंत्रालय व सेल कॉर्पोरेट स्तर पर लिए जा रहे निर्णय का विरोध किया। यूनियन नेताओं ने कर्मियों को बताया कि अस्पताल के निजीकरण लिए सुनियोजित तरीके से यह प्रचार किया जा रहा है कि सार्वजनिक अस्पताल ही सबसे बड़ी समस्या हैं। वास्तविकता यह है कि यदि सार्वजनिक अस्पताल में डॉक्टरों की कमी, मरीजों की अधिक भीड़, दवाइयों का अभाव या उपकरणों की कमी दिखाई देती है, तो कारण सार्वजनिक व्यवस्था नहीं, बल्कि वर्षों से डाक्टरों, नर्सों और तकनीशियनों की भर्ती नहीं करने और निवेश की उपेक्षा है। इंटक, एटक, सीटू, एचएमएस, लोईमू और स्टील वर्कर्स यूनियन नेताओं ने सेक्टर नौ अस्पताल का निजीकरण नहीं किए जाने की मांग की।



## सिटी स्पोर्ट्स

### अंडर 19 हाई परफारमेंस कैंप के लिए छत्तीसगढ़ से चुनी गई महक



**रायपुर।** अखिल भारतीय महिला चयन समिति द्वारा बीसीसीआई सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस के अंडर 19 (महिला वर्ग) हाई परफारमेंस कैंप 2026 हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ से महक नरवसे का चयन किया गया है। यह कैंप 20 जुलाई से 19 अगस्त तक बैंगलुरु में आयोजित किया जायेगा। इसके पूर्व अप्रैल में भी महक नरवसे ने सेन्टर ऑफ एस्सीलेंस बैंगलुरु में एलिट कैंप में भाग लिया था, जिसके बाद गत माह महक का चयन श्रीलंका के विरुद्ध खेले गये टी 20 तथा वनडे सीरीज हेतु भारतीय अंडर 19 टीम में किया गया। उक्त खिलाडी बीसीसीआई के विषेशज्ञों के अधिन प्रषिक्षण प्राप्त करेगें, जिसमें तकनीकी तथा षारिरिक प्रषिक्षण भी सम्मिलित है।

### आयुष ने ताइक्वांडो में जीता स्वर्ण पदक

**कुम्हारी।** विचक्षण जैन विद्यापीठ, कुम्हारी के छात्र आयुष यादव (कक्षा 8वीं) ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। आयुष ने दुर्ग (बोरसी) में आयोजित जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। आयुष यादव ने अपने बेहतरीन खेल कौशल, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।



### रोमानिया मुक्केबाजी में रैफरी बने तीरथ

**भिलाई।** रोमानिया में गोल्डन बेल्ट आमंत्रण मुक्केबाजी प्रतियोगिता 9 से 18 जुलाई तक होने जा रही। इस प्रतियोगिता हेतु रेफरी/जज हेतु छत्तीसगढ़ राज्य से एशियन कांफ्रेडेशन रेफरी/जज तीरथ राउत को को बाक्सिंग फेडरेशन आफ इंडिया द्वारा मनोनीत किया गया है।तीरथ राउत इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु 8जुलाई को रवाना हो चुके है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य मुक्केबाजी संघ के सभी पदाधिकारियों बधाईया दी। इस आशय की जानकारी आर राजेंद्रन अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश एमेच्योर बॉक्सिंग संघ ने दी है।



### स्पेशल ओलंपिक्स यूनिफाइड फुटबॉल वर्ल्ड कप के लिए पुलक का चयन



**रायपुर।** यूनिफाइड पार्टनर पुलक देव गौतम का चयन स्पेशल ओलंपिक्स यूनिफाइड फुटबॉल वर्ल्ड कप पेरिस–2026 के लिए भारतीय टीम में हुआ है। वे अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से संबद्ध हैं। उल्लेखनीय है कि यूनिफाइड फुटबॉल, स्पेशल ओलंपिक्स की एक समावेशी खेल प्रतियोगिता है, जिसमें बौद्धिक दिव्यांग खिलाड़ी (स्पेशल एथलीट) और सामान्य खिलाड़ी (यूनिफाइड पार्टनर) एक ही टीम में मिलकर खेलते हैं। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य खेलों के माध्यम से समान अवसर, सहभागिता और सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देना है। पेरिस रवाना होने से पहले भारतीय टीम के खिलाड़ियों, यूनिफाइड पार्टनर्स और प्रशिक्षकों के सम्मान में मानव रचना विश्वविद्यालय, फरीदाबाद में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्पेशल ओलंपिक्स भारत, छत्तीसगढ़ के एरिया डायरेक्टर डॉ. प्रमोद तिवारी ने पुलक देव गौतम को शुभकामनाएं दी है।

बदलती लाइफ स्टाइल का सीधा असर होता है आपकी हड्डियों में

# इन बातों पर कम उम्र से ही दे लिया ध्यान तो 'स्टील स्ट्रॉन्ग' बनी रहेंगी आपकी हड्डियां, जान लीजिए राज

आजकल के भागदौड़ भरे जीवन, फास्ट फूड की आदत, धूप से दूरी, घंटों बैठकर काम करना और व्यायाम की कमी की वजह से हड्डियों से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। कम उम्र में ऑस्टियोपोरोसिस, जोड़ों में दर्द, कमर और पीठ की तकलीफ आम हो गई है। इससे कैसे बचें?

क्या आप जानते हैं कि हमारी हड्डियां हर दिन बदलती हैं? बचपन में ये तेजी से बढ़ती हैं, युवावस्था में मजबूत होती हैं और उम्र बढ़ने पर धीरे-धीरे कमजोर होने लगती हैं। यही कारण है कि 40 की उम्र आते-आते हड्डियों से संबंधित दिक्कतें आपको परेशान करने लग जाती हैं। अब तो कई मामले ऐसे भी देखे गए हैं जिनमें 20 की उम्र के लोग भी हड्डियों से संबंधित दिक्कतों से परेशान देखे जा रहे हैं।

हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाए रखने के लिए कैल्शियम सबसे जरूरी पोषक तत्व माना जाता है। इसके लिए कम उम्र से ही आहार में कैल्शियम से भरपूर चीजों- जैसे डेयरी उत्पाद, हरी पत्तेदार सब्जियों, मछलियों को जरूर शामिल किया जाना चाहिए।

पर क्या आप जानते हैं कि सिर्फ कैल्शियम का सेवन करना ही हड्डियों को मजबूत बनाए रखने के लिए काफी नहीं है। कैल्शियम के अलावा कई अन्य पोषक तत्व और लाइफस्टाइल में सुधार भी आपके लिए जरूरी है।



### हड्डियों को कैसे बनाएं 'स्टील स्ट्रॉन्ग'?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, आजकल के भागदौड़ भरे जीवन, फास्ट फूड की आदत, धूप से दूरी, घंटों बैठकर काम करना और व्यायाम की कमी की वजह से हड्डियों से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। कम उम्र में ऑस्टियोपोरोसिस, जोड़ों में दर्द, कमर और पीठ की तकलीफ आम हो गई है। खासकर महिलाओं और बुजुर्गों में यह खतरा ज्यादा देखा जाता है। लेकिन चिंता मत कीजिए, कुछ सरल आदतें अपनाकर और जरूरी पोषक तत्वों को अपने आहार में शामिल करके आप अपनी हड्डियों को 'स्टील स्ट्रॉन्ग' बनाए रख सकते हैं।

### हड्डियों की मजबूती के लिए क्या खाएं



हड्डियों को मजबूत बनाए रखने के लिए कैल्शियम वाली चीजें जैसे दूध, दही, पनीर और छाछ, हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे ब्रोकली और पालक, सोया और टोफू के साथ मछलियों को आहार का हिस्सा जरूर बनाएं। इसके साथ कैल्शियम के अवशोषण को बढ़ाने के लिए फैटी फिश, अंडे की जर्दी और मशरूम का सेवन करना चाहिए।

विशेषज्ञों ने बताया बेहतर स्वास्थ्य और मजबूत हड्डियों के लिए कैल्शियम और विटामिन-डी का संतुलन बनाकर रखा जाना चाहिए।

### प्रोटीन वाली चीजें खाएं

हड्डियों का मजबूत बनाए रखने के लिए कैल्शियम और विटामिन्स के साथ-साथ प्रोटीन वाली चीजें भी जरूरी हैं। हड्डियों के टिशू और मांसपेशियों की मरम्मत और वृद्धि में प्रोटीन मदद करता है। डेयरी उत्पाद, अंडे, नट्स, और बीन्स अच्छे प्रोटीन स्रोत हैं।

इसके अलावा मैग्नीशियम हड्डियों में कैल्शियम के स्तर को नियंत्रित करता है और पोटैशियम हड्डियों में मिनरल्स को बनाए रखने में मदद करता है। ये तत्व हरी पत्तेदार सब्जियों, नट्स, और फलियों में मिलते हैं। आहार में इसकी मात्रा जरूर सुनिश्चित किया जाना चाहिए।



### लाइफस्टाइल रखें ठीक

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हड्डियों से संबंधित समस्याओं के खतरे को कम करने के लिए आहार के साथ-साथ लाइफस्टाइल को ठीक रखना भी जरूरी है। हड्डियों को स्वस्थ रखने के लिए जीवनशैली में भी सुधार करें। धूम्रपान और अत्यधिक शराब के सेवन से बचना चाहिए क्योंकि ये हड्डियों को कमजोर कर सकती हैं। शारीरिक निष्क्रियता भी हड्डियों की कमजोरी और इससे संबंधित समस्याओं को बढ़ाने वाली हो सकती है।

विटामिन-डी के बिना शरीर कैल्शियम का सही से उपयोग नहीं कर पाता। इसके लिए रोज सुबह की धूप (10-15 मिनट) लें या डॉक्टर की सलाह से सप्लीमेंट्स लें। अधिक कैफीन और कोल्ड ड्रिंक्स कैल्शियम के अवशोषण में बाधा डालते हैं।



## सिर्फ मसल्स बनाने ही प्रोटीन की जरूरत नहीं और भी हैं इसके काम

हम सभी प्रोटीन के बारे में जानते हैं। प्रोटीन मसल्स, स्किन, बालों और नाखूनों के साथ-साथ एंटीबॉडीज, हार्मोन और सेलुलर स्ट्रक्चर्स का एक महत्वपूर्ण कंपोनेंट है। विज्ञान यह कहता है कि कोई भी व्यक्ति यह सुनिश्चित नहीं कर सकता कि वो कितना कार्बोहाइड्रेट कंज्यूम सकता है। इस मामले में प्रोटीन सबसे आम मैक्रोन्यूट्रिएंट के रूप में सामने आता है।

हम में से ज्यादातर लोग जानते हैं कि प्रोटीन केवल मसल्स के डेवलपमेंट में मदद करता है। हमारा शरीर प्रोटीन को अमीनो एसिड में तोड़ देता है और मसल्स के रिस्टोरेशन और रिकंसट्रक्शन के लिए अमीनो एसिड का उपयोग करता है। लेकिन कई लोगों का यह मानना है कि प्रोटीन सिर्फ मसल्स के निर्माण से ज्यादा कुछ नहीं करता है।

प्रोटीन तीन प्राइमरी फूड ग्रुप्स में से एक है और अमीनो एसिड से बना है, जो ₹बिल्डिंग ब्लॉक्स₹ सेल्स के रूप में काम करता है। इन सेल्स को अपने विस्तार और मरम्मत के लिए प्रोटीन की आवश्यकता होती है।

अपनी डाइट में प्रोटीन जोड़ने के कुछ नैचुरल सोर्स भी हैं।



मछली, मुर्गी, अंडे, फलियां और डेयरी प्रोडक्ट जैसे खाद्य पदार्थ प्रोटीन से भरे होते हैं और इन्हें हम अपनी डेली डाइट में शामिल कर सकते हैं। हम आपको कुछ जबरदस्त प्रोटीन रिच स्नैक्स के बारे में बताने जा रहे हैं

प्रोटीन मसल्स के लिए बेहद फायदेमंद है। यह महत्वपूर्ण घटक आपके शरीर ये जुड़े सभी दैनिक कार्यों और उपयोगों के लिए आवश्यक है। आपको कितनी मात्रा में प्रोटीन का सेवन करना चाहिए या नहीं करना चाहिए, इस बारे में मिथकों और धारणाओं के बावजूद, आपको अपने प्रोटीन इनटेक का बाकी न्यूट्रिशनल इनटेक के साथ मिलान करना महत्वपूर्ण है।

बहुत से लोग प्रोटीन को मसल्स मास के साथ भी जोड़ते हैं। प्रोटीन और अमीनो एसिड आपके शरीर में मसल्स के टिश्यूज का निर्माण करते हैं। साधारण भाषा में कहें तो यदि आपकी मसल्स एक इमारत हैं, तो ईंटें प्रोटीन हैं।

आपका शरीर कई प्रकार के अमीनो एसिड का निर्माण करता है। लेकिन 9 अन्य आवश्यक अमीनो एसिड भी होते हैं और उनका निर्माण शरीर में नहीं होता है। बीन्स, नट्स और सोया जैसे फूड प्रोडक्ट्स से आपको ईएए मिलता है। मिश्रित अमीनो एसिड युक्त डाइट मसल्स के प्रोटीन के उत्पादन को अधिकतम करने में मदद कर सकती है।

ल्यूसीन नामक अमीनो एसिड कई एनाबॉलिक (मांसपेशियों के निर्माण) प्रक्रियाओं के लिए जिम्मेदार है। इसे ₹ल्यूसीन ट्रिगर सिद्धांत₹ के रूप में जाना जाता है, क्योंकि उचित मात्रा में ल्यूसीन लेना मसल्स के प्रोटीन प्रोसेस को ट्रिगर करता है।

मसल्स के निर्माण में प्रोटीन विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि अमीनो एसिड (प्रोटीन बिल्डिंग ब्लॉक्स) मसल्स के टिश्यूज के पुनर्निर्माण और बनाए रखने में मदद करते हैं। वर्कआउट के बाद प्रोटीन आपको एक्सरसाइज से ठीक होने में मदद करता है, क्योंकि एक्सरसाइज के दौरान मसल्स थोड़ी फट जाती हैं। लेकिन आपके लिए यह जानना भी आवश्यक है कि केवल ज्यादा प्रोटीन खाने का मतलब यह नहीं है कि आप मसल्स को जोड़ने जा रहे हैं।




## सब्जी में हो गया ज्यादा तेल तो कटोरी वाला हैक आएगा काम

अक्सर जब हम सब्जी या ग्रेवी बनाते हैं, तो अंदाजे से डाला गया तेल पकने के बाद ज्यादा दिखने लगता है। सब्जी में तेल ऊपर से दिखने लगे, तो उसे खाने का मन किसी का भी नहीं करेगा। सब्जी का स्वाद खराब किए बिना आप उसमें तेल को निकाल सकती हैं।

### कटोरी वाला हैक

यह सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका एक बेहद स्मार्ट और आसान हैक है, जिसे आप ग्रेवी वाली सब्जियों से तेल बगैर किसी हाई-फाई टूल कर सकती हैं। कैसे करें:जब आपकी सब्जी या ग्रेवी पूरी तरह पक जाए और ऊपर तेल की एक परत तैरने लगे, तो एक छोटी स्टील या एल्यूमीनियम की कटोरी लें।

इस कटोरी को उल्टा करके धीरे-धीरे सब्जी के ऊपर रखें और हल्का-सा दबाएं।

उल्टी कटोरी की बाहरी सतह पर तैरता हुआ तेल चिपकने लगता है और कुछ ही सेकंड में आपको उसका असर दिखने लगेगा।

लगभग 10–15 सेकंड बाद कटोरी को निकालें और एक कटोरी या प्लेट में वह तेल गिरा दें।

यह प्रक्रिया तब तक दोहराएं जब तक कि एक्सेस ऑयल हट न जाए। अगर आप कटोरी को पहले कुछ मिनटों के लिए फ्रिज में ठंडा कर लें, तो उसका ठंडा मेटल तेल को और तेजी से खींच लेता है। इससे यह ट्रिक और कारगर हो जाती है।

### बर्फ से हटाएं एक्सेस ऑयल

अगर आप कटोरी का झंझट नहीं करना चाहते हैं, तो कोई बात नहीं। आप फ्रिज से आइस क्यूब्स लेकर उसका इस्तेमाल कर सकती हैं। यह भी उपयोगी हैक है-



**कैसे करें:** एक साफ मलमल या कॉटन के कपड़े को लें और उसमें 2–3 बर्फ के टुकड़े लपेटें। अब इस बर्फ-लपेटे कपड़े को सब्जी की सतह पर हल्के-हल्के चलाएं।बर्फ की ठंडक से ऊपर तैर रहा तेल धीरे-धीरे जमने लगता है और कपड़े से चिपक जाता है। आप देखेंगे कि सब्जी के ऊपर तेल नहीं तैरेगा।

### पेपर टॉवल ट्रिक से हटाएं तेल

अगर आपके पास कम समय है और सब्जी पर तेल बहुत ज्यादा है, तो यह सबसे तेज और आसान तरीका है। आप तेल निकालने के लिए पेपर टॉवल का उपयोग कर सकते हैं।

## किचन में टाइल्स लगाने से पहले लें वास्तु की सलाह



घर की किचन में टाइल्स के कलर को लेकर कन्फ्यूज हैं, तो ऐसे में आप वास्तु के अनुसार कलर चुनें। इससे आपकी घर का वास्तु अच्छा बना रहेगा। साथ ही, आपके घर में बरकत बनी रहेगी।

### बेज कलर की टाइल्स को किचन में लगवाएं

आप अपनी किचन के वास्तु को अच्छा रखना चाहते हैं, तो ऐसे में आप बेज कलर का ज्यादा इस्तेमाल करें। ऐसा इसलिए क्योंकि इस रंग से आपकी किचन में लाइट बनी रहती है। साथ ही, आपकी किचन में पॉजिटिव एनर्जी बनी रहती है। इसलिए आपको ज्यादातर इस कलर की टाइल्स का इस्तेमाल करें। इसमें आप लाइट कलर का इस्तेमाल अच्छे से करें।

### ब्राउन कलर की टाइल्स लगाएं

किचन के वातावरण को पॉजिटिव बनाने के लिए आप ब्राउन कलर की टाइल्स का इस्तेमाल कर सकते हैं। ब्राउन कलर की टाइल्स से आपके घर का वातावरण बदल जाएगा। साथ ही, रंगों को देखकर आपके घर में बने खाने से हर किसी का मन अच्छा लगेगा। इसके लिए आप लाइट ब्राउन कलर या ऑफ ब्राउन कलर को चूज करें। इससे आपकी किचन का ओरा बदल जाएगा।

इसके लिए सही कलर को चूज करना है, ताकि आपके घर की किचन का वातावरण सही रहे। जब भी किचन में टाइल्स लगाएं तो एक ही रंग की लगाएं। टाइल्स को हमेशा प्लेन डिजाइन में खरीदें, ताकि आपकी किचन अच्छी लगे।

कार्नर न्यूज

मानसून में डेट को यादगार बनाने कुछ बातों का रखें ध्यान

# बारिश में डेट पर जाने से पहले जान लें कुछ जरूरी बातें, वरना रोमांस की जगह झेलनी होगी परेशानी

चाहें पहली डेट हो या कई बार मिल चुके हों, मानसून की एक छोटी सी तैयारी आपकी मुलाकात को यादगार बना सकती है। इसलिए अगर आप भी बारिश में डेट पर जाने की सोच रहे हैं, तो कुछ बातें ज़रूर ध्यान रखें।

बारिश का मौसम प्यार और रोमांस के लिए सबसे प्यारा मौसम माना जाता है। कितना अच्छा हो न कि हल्की-हल्की फुहारें, भीगी हवा और चाय की चुस्की के साथ एक खास शख्स का साथ.मिल जाए। लेकिन ये रोमांटिक सीन तभी खूबसूरत लगता है जब आप थोड़ा तैयार होकर जाएं। वरना बारिश की गड़बड़ी और कपड़ों की झिझक रोमांस को शर्मिंदगी में बदल सकती है। चाहें पहली डेट हो या कई बार मिल चुके हों, मानसून की एक छोटी सी तैयारी आपकी मुलाकात को यादगार बना सकती है। इसलिए अगर आप भी बारिश में डेट पर जाने की सोच रहे हैं, तो ये बातें ज़रूर ध्यान रखें।

### सही कपड़ों चुनें

बारिश में भारी और ट्रांसपेरेंट कपड़े पहनना ठीक नहीं होता है। हल्के रंगों और कॉटन के बजाय सिंथेटिक या जल्दी सूखने वाले फैब्रिक चुनें। लड़कियों के लिए पलाज़ो या लॉन्ग कुर्ती और लड़कों के लिए ट्राउजर या नायलॉन जींस बेहतर रहेगी।



### वॉटरप्रूफ फुटवियर पहनें

बारिश में रोमांस तभी रहेगा जब आप फिसलेंगे नहीं। चमड़े के जूते या हील्स की जगह फ्लैट्स, स्नीकर्स या रबर सैंडल्स पहनें। बारिश में ये पहनने में सहज और आरामदायक होते हैं।

### छाता या रेनकोट न भूलें

कभी भी ₹बस हल्की बारिश है₹ सोचकर घर से न निकलें। एक स्टाइलिश छाता या कॉम्पैक्ट रेनकोट साथ रखें।ये आपको भी बचाएगा और रोमांटिक पल भी बना सकता है!

### डेट के लिए सही जगह

खुली छत या सड़क किनारे कैफे मानसून में रोमांटिक जरूर लगते हैं, लेकिन अचानक आई तेज बारिश से मूड बिगड़ सकता है। इसलिए ऐसी जगह चुनें जो बारिश प्रूफ और कम भीड़ वाली हो।

### जरूरी सामान

बररसात में जब भी बाहर निकलें तो टिशू और परफ्यूम जरूर साथ रखें। नमी और पसीने की वजह से अक्सर चेहरे और बॉडी से बदबू आने लगती है। डेट से पहले हल्का परफ्यूम और वेट वाइप्स रखना समझदारी है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'स्पाइडर मैन- ब्रांड न्यू डे' का ट्रेलर रिलीज, रहस्यमयी बदलाव से जूझते दिखे पार्कर



'स्पाइडर-मैन' के फैंस का इंतजार कुछ हद तक खत्म हो गया है। 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' का ट्रेलर आज रिलीज हो गया है। फिल्म का नया ट्रेलर जारी किया गया है, जिसमें मार्क रफालो को ब्रूस बैनर (जिन्हें हल्क के नाम से भी जाना जाता है) के रोल में वापसी करते हुए दिखाया गया है। दो मिनट 39 सेकंड के इस ट्रेलर में टॉम हॉलैंड के पीटर पार्कर के लिए एक नई चुनौती का संकेत मिलता है, जो किसी रहस्यमयी बदलाव से जूझते हुए दिख रहे हैं। इस नए ट्रेलर में पीटर कहते हैं, 'मेरे साथ क्या हो रहा है? मैं अपना आपा खो रहा हूं। मेरा खुद पर कोई कंट्रोल नहीं है और मुझे अभी इस चीज को ठीक करना होगा।' यहीं से शुरू होती है फिल्म की असली कहानी। जवाब पाने के लिए पीटर मार्क रफालो के निभाए किरदार ब्रूस बैनर के पास जाते हैं। ट्रेलर के एक अहम हिस्से में बैनर बताते हैं कि उन्होंने बदलते डीएनए को रोकने का एक तरीका खोज लिया है और पीटर को एक डिवाइस दिखाते हैं जो उन्हें अपनी हालत को कंट्रोल करने में मदद करता है। वह मजाक में पीटर को चेतावनी देते हैं कि अगर वह कभी उन्हें उस डिवाइस के बिना देखें, तो उन्हें भाग जाना चाहिए। ट्रेलर में बाद में बैनर को स्पाइडर-मैन के सामने हल्क में बदलते हुए दिखाया गया है। यह इस फ्रैंचाइजी में हॉलैंड के पीटर पार्कर के साथ रफालो की पहली एंट्री है। डेस्टिन डैनियल क्रेटन के निर्देशन और क्रिस मैककेना व एरिक सोम्मर्स की लिखी 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' 31 जुलाई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### टॉलीवुड

## दुलकर ने राज खोला नई फिल्म के टाइटल का, पूजा के साथ दिखे रोमांटिक अंदाज में



दुलकर सलमान ने अपनी अपकमिंग फिल्म का टाइटल रिवील कर दिया है। उन्होंने फिल्म का पहला पोस्टर भी जारी किया है। उनके साथ इस फिल्म में पूजा हेगड़े भी होंगी। साउथ के बेहतरीन अभिनेता दुलकर सलमान जल्द ही पूजा हेगड़े के साथ एक फिल्म में रोमांटिक रोल में नजर आने वाले हैं। मेकर्स ने हाल ही में एक ऑफिशियल पोस्टर के साथ फिल्म के टाइटल का भी एलान किया है। दुलकर सलमान और पूजा हेगड़े की यह आगामी रोमांटिक ड्रामा फिल्म का आधिकारिक टाइटल 'श्री श्री' है, जिसे पहले अस्थायी रूप से 'डीक्यू41' के नाम से जाना जा रहा था। यह एक पैन-इंडिया फिल्म है जिसका निर्देशन डेब्यू डायरेक्टर रवि नेलाकुदिति कर रहे हैं। फिल्म के पोस्टर में देखा जा सकता है कि दुलकर सलमान और पूजा हेगड़े कॉलेज यूनिफॉर्म में एक दीवार पर बैठे हैं। दुलकर का शर्मीलापन और पूजा की खुशी इस फर्स्ट लुक में दिलचस्पी पैदा कर रही है।पोस्टर में मुख्य जोड़ी की केमिस्ट्री बहुत नैचुरल तरीके से दिखाई गई है। इस फिल्म को रवि नेलाकुदिटी लिख और डायरेक्ट कर रहे हैं। इस फिल्म को सुधाकर चेरुकुरी प्रोड्यूस कर रहे हैं। इस पैन-इंडिया फिल्म की शूटिंग अभी विदेशों में चल रही है। जीवी प्रकाश कुमार इसका म्यूजिक बना रहे हैं। यह दुलकर की 41वीं फिल्म है। इसे तेलुगु, तमिल, मलयालम और हिंदी में रिलीज किया जाएगा।

दुलकर सलमान ने अपने एक्स हैंडल पर फिल्म का यह फर्स्ट लुक पोस्टर साझा किया है।फिल्म का शीर्षक और पोस्टर साझा करते हुए दुलकर सलमान ने लिखा, ₹श्री श्री के साथ प्यार थोड़ा और खास महसूस होगा।₹ मुख्य भूमिकाओं के अलावा फिल्म में दीक्षित शेट्टी भी अहम भूमिका निभाते नजर आएंगे। दुलकर सलमान जल्द ही मलयालम फिल्म 'आई एम गेम' में भी दिखाई देंगे, जो 20 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन नाहस हिदायत ने किया है, जबकि इसका निर्माण दुलकर सलमान और जोम वर्गीज ने वेफेयर फिल्म्स के बैनर तले किया है। 'आई एम गेम' के जरिए दुलकर सलमान 2023 में रिलीज हुई 'किंग ऑफ कोठा' के बाद मलयालम सिनेमा में वापसी कर रहे हैं। 'किंग ऑफ कोठा' का निर्देशन अभिलाष जोशी ने किया था और यह उनकी पहली निर्देशित फिल्म थी।

### भोजपुरी

## 'मोर मईके' का हुआ मुहूर्त, प्रदीप-उपासना का सीन शूट




**भिलाई ।** उज्जल फिल्म के बैनर तले बनने वाली एवं छॉलीवुड के सुप्रसिद्ध कैमरामैन दिनेश ठक्कर दादा द्वारा निर्मित एवं निर्देशित छत्तीसगढ़ी फिल्म 'मोर मईके' का रायपुर के इन्द्रप्रस्थ फेस 1 के शिव मंदिर में मुहूर्त किया गया। मुहूर्त के साथ ही फिल्म की शूटिंग भी प्रारंभ हो गई। फिल्म का पहला सीन छॉलीवुड के जाने माने अभिनेता प्रदीप शर्मा एवं सुप्रसिद्ध अभिनेत्री उपासना वैष्णव के साथ शूट किया गया। फिल्म के निर्माता निर्देशक एवं कैमरामैन दिनेश ठक्कर ने बताया कि फिल्म की अधिकांशतर शूटिंग प्रदेश के गरियाबंद के मनोरम दृश्यों में की जाएगी। इस दौरान छॉलीवुड अभिनेता योगेश अग्रवाल, अमरदास लहरे, एक्टर डायरेक्टर राजेश नायक, शमशीर सिवानी, पुष्पेन्द्र सिंह, एक्टर जॉनी, एक्टर वर्मा,फिल्म के आर्ट डायरेक्टर करीमुल्लाह खान, प्रोडक्शन मैनेजर चोवाराम साहू और कोरियोग्राफर दिलीप बैस सहित बड़ी संख्या में छॉलीवुड से जुडे लोग शामिल हुए।

## टिकाऊ फैशन

सस्टेनेबल (टिकाऊ) फैशन की चाहत हर डिजाइनर को होती है। आस्ट्रेलिया के ब्राइटन हब में फ्लैश मॉब कैटवॉक शो के दौरान जीन्स से बनी ड्रेस पहने एक मॉडल इसी टिकाऊ फैशन का संदेश दे रही है । यह 'सस्टेनेबल फैशन वीक' लोगों की बदलती सोच का फ़ायदा उठा रहा है। सैकड़ों लोग ऐसे इवेंट्स में शामिल हुए जहाँ उन्हें अपने कपड़े पहनने और चुनने के तरीकों को बेहतर बनाने के बारे में जानकारी दी गई। इस इवेंट में कई तरह के रनवे शो, बातचीत और मास्टरक्लास मुख्य आकर्षण रहे।
-



लाइफ स्टाइल

## मुल्तानी मिट्टी से जुड़े मिथक हैं चलन में, जान लें सच्चाई

मुल्तानी मिट्टी को स्किन के लिए काफी अच्छा माना जाता है। लेकिन अक्सर लोग इससे जुड़े मिथक को सच मानकर अपनी स्किन को नुकसान पहुंचा लेते हैं। जानिए ऐसे ही कुछ मिथक। आज के समय में हम सभी अपनी स्किन की केयर करने के लिए नेचुरल इंग्रीडिएंट्स का इस्तेमाल करना काफी पसंद करते हैं। इन्हीं नेचुरल इंग्रीडिएंट्स में से एक है मुल्तानी मिट्टी। ऐसा माना जाता है कि मुल्तानी मिट्टी स्किन के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। यह ना केवल स्किन को ठंडक पहुंचाती है, बल्कि इससे गंदगी व अतिरिक्त ऑयल दोनों से छुटकारा मिलता है।

मुल्तानी मिट्टी को स्किन की सभी समस्याओं का एक बेहतरीन नेचुरल हल माना जाता है। स्किन केयर रूटीन में मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल इतना ज्यादा पॉपुलर है कि अधिकतर लोग इससे जुड़े कुछ मिथ्स को भी सच मानकर बैठे होते हैं। यह सच है कि मुल्तानी मिट्टी स्किन के लिए एक नेचुरल व बेहतरीन इंग्रीडिएंट है। लेकिन यह आपकी स्किन के लिए एकदम सही हो, यह जरूरी नहीं है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको मुल्तानी मिट्टी से जुड़े कुछ ऐसे ही मिथ्स और उनकी सच्चाई के बारे में बता रहे हैं-



### मिथक 1-मुल्तानी मिट्टी को रोज लगाने से फायदा मिलता है

सच्चाई- अगर आप भी यह सोचती हैं कि मुल्तानी मिट्टी हर दिन लगाने से स्किन को काफी फायदा मिलता है तो आप एक भ्रम में जी रही हैं। इसे रोज़ लगाने से स्किन और भी ज़्यादा रूखी हो सकती है। जब स्किन की नेचुरल नमी भी चली जाती है तो आपको रेडनेस से लेकर स्किन पीलिंग हो सकती है। इससे आपको फायदा कम और नुकसान ज्यादा हो सकता है।

### मिथक 2- हर स्किन टाइप पर मुल्तानी मिट्टी को इस्तेमाल किया जा सकता है

सच्चाई- अक्सर लोग सोचते हैं कि मुल्तानी मिट्टी नेचुरल है, इसलिए इसे किसी भी स्किन पर इस्तेमाल किया जा सकता है। जबकि ऐसा नहीं है। अगर आपकी स्किन रूखी या सेंसेटिव है तो इसके इस्तेमाल से बचें। दरअसल, मुल्तानी मिट्टी स्किन से अतिरिक्त ऑयल को सोख लेती है, जिसकी वजह से स्किन और भी ज्यादा रूखी हो सकती है। साथ ही, सेंसिटिव स्किन में जलन का अहसास हो सकता है। कभी-कभी इसकी वजह से स्किन में रैशेज व जलन की समस्या का सामना भी करना पड़ सकता है।

### मिथ 3- मुल्तानी मिट्टी के इस्तेमाल से ब्लैकहेड्स निकल जाते हैं

सच्चाई- बहुत से लोग यह सोचकर भी मुल्तानी मिट्टी को स्किन केयर रूटीन में शामिल करते हैं, क्योंकि इससे ब्लैकहेड्स हटाना आसान हो जाता है। ब्लैकहेड्स के लिए सिर्फ मुल्तानी मिट्टी ही काफी नहीं है। यह सच है कि मुल्तानी मिट्टी स्किन को टाइटन करने और ऑयल कम करने में मददगार है। लेकिन ब्लैकहेड्स हटाने के लिए सही एक्सफोलिएशन या बीएचए जैसे एसिड की जरूरत होती है। एक स्टडी के अनुसार, क्ले मास्क ब्लैकहेड्स पर बहुत हल्का असर करते हैं। ब्लैकहेड्स के लिए आप रेटिनॉइड या सैलिसिलिक एसिड का इस्तेमाल करें।

## सावन की कर लें तैयारी, पहनें दुपट्टा सूट के ये ट्रेंडी डिजाइंस



सावन का महीना जल्द शुरू होने वाला है। इस वर्ष 30 जुलाई से 28 अगस्त तक सावन रहेगा। इस महीने में ज्यादातर महिलाएं सूट पहनना पसंद करती हैं। लेकिन, अगर आप कुछ नया ट्राई करने का सोच रही हैं, तो आप दुपट्टे वाले सूट सेट ट्राई कर सकती हैं। दुपट्टा सूट सेट के ट्रेंडी डिजाइंसआपके लुक में चार चांद लगाने का काम करेंगे, और इन्हें स्टाइल करने के बाद आपका लुक भी खूबसूरत नजर आएगा।



### प्रिंटेड दुपट्टा सूट सेट

सावन के मौके पर अट्रैक्टिव लुक पाने के लिए आप प्रिंटेड दुपट्टा सूट सेट का चुनाव कर सकती हैं। इस सूट में प्रिंटेड डिजाइन बनाया गया है, साथ ही, इसके साथ जो दुपट्टा है वह आपके लुक को स्पेशल टच देने का काम करेगा। इस तरह के सूट को आप कपड़ा लेकर दर्जी से बनवा सकती हैं, साथ ही, यह आपको ऑनलाइन भी सस्ते कीमत में मिल जाएगा। इस सूट के साथ आप पर्ल इयररिंग्स पहनकर अपने लुक को गॉर्जियस बना सकती हैं।



### सिल्क सूट

अपने लुक को न्यू और स्पेशल टच देने के लिए आप सावन के मौके पर सिल्क सूट का चुनाव कर सकती हैं। इस सिल्क सूट में बेहद ही खूबसूरत डिजाइन बनाया गया है, साथ ही, इसके साथ जो दुपट्टा है वह अलग कलर में है जो आपके लुक को स्टाइलिश बनाएगा। यह सूट आप ऑनलाइन ले सकती हैं, साथ ही, आपको यह बाजार में भी सस्ते कीमत में मिल जाएगा। इस सूट के साथ आप मिरर वर्क झुमके पहन सकती हैं जो आपके लुक को स्टाइलिश टच देंगे।

### एम्ब्रॉयडरी वर्क सूट

सावन के मौके पर अपने लुक को स्पेशल टच देने के लिए आप एम्ब्रॉयडरी वर्क सूट का चुनाव कर सकती हैं। यह सूट आपके लुक में चार चांद लगा देगा।

## प्लेन टॉप के साथ स्टाइल करें ऑक्सीडाइज्ड ज्वेलरी सेट

प्लेन टॉप के साथ आप अलग-अलग डिजाइन वाले ऑक्सीडाइज्ड ज्वेलरी सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इससे लुक अच्छा लगेगा। साथ ही, आप सुंदर नजर आएंगी।

### प्लेन टॉप के साथ

आप सुंदर नजर आएंगी। जब आप प्लेन टॉप के साथ ऑक्सीडाइज्ड ज्वेलरी सेट को वियर कर सकती हैं। इस तरह के ज्वेलरी सेट में आपको डिजाइन अलग-अलग मिलेंगे। जिसे आप अपने टॉप के हिसाब से मैच करके वियर करें। इससे लुक काफी अट्रैक्टिव नजर आएगा।

### लेयर नेकलेस सेट

आप अपने प्लेन टॉप के साथ कुछ लाइट वर्क वाले ज्वेलरी सेट को स्टाइल करना चाहती हैं, तो ऐसे में आप इस फोटो में नजर आने वाले नेकलेस सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के नेकलेस सेट पहनने के बाद अच्छे लगेंगे। इसमें आपको चेन के साथ थोड़े-थोड़े हिस्से में झुमकी का डिजाइन मिलेगा। वहीं



नीचे की तरफ पेंडेंट सेट मिलेगा। इससे सेट पहनने के बाद अच्छा लगेगा।

### सिक्के के डिजाइन वाला सेट

अच्छी दिखाई देंगी जब आप वियर करेंगी ज्वेलरी सेट। ऐसे में आप अपने प्लेन टॉप के साथ पहनने के लिए चोकर नेकलेस सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के चोकर सेट पहनने के बाद अच्छा लगेगा। इसमें आपको सिक्के का डिजाइन मिलेगा। इसके साथ आपको इसमें टेंपल डिजाइन मिलेगा। इससे ज्वेलरी सेट और भी अच्छा लगेगा। इसे आप किसी भी टॉप के साथ वियर कर सकती हैं।

## बारिश में ऑयली फोरहेड ने कर दिया है परेशान, ये हैक्स अपनाएं

बारिश के दिनों में अधिकतर महिलाओं को ऑयली फोरहेड की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, कुछ आसान हैक्स को अपनाकर आप इस समस्या से बच सकती हैं।

### जेल बेस्ड फेसवॉश का करें इस्तेमाल

मानसून के दिनों में अगर आपको फोरहेड पर ऑयल व चिपचिपेपन की शिकायत है तो ऐसे में आप जेल बेस्ड फेसवॉश का इस्तेमाल करें। यह आपकी स्किन को फ्रेश बनाए रखती है। आप अपने फेस वॉश में नीम, सैलिसिलिक एसिड या टी ट्री ऑयल जैसे इंग्रीडिएंट्स को चुनें। इससे आपकी स्किन को काफी फायदा मिलता है। साथ ही, यह भी ध्यान रखें कि आप दिन में सिर्फ दो बार ही फेस वॉश करें।

### चेहरा को बार-बार छूने से बचें

चेहरे को बार-बार छूने से भी फोरहेड पर ऑयल बढ़ सकता है, क्योंकि आपके हाथ उतने साफ नहीं होते जितना देखने में लगते हैं। इतना ही नहीं, अगर बाल बार-बार माथे पर आ रहे हों और बार-बार उन्हें ठीक कर रही



हो तो इससे भी स्किन और ज्यादा ऑयली हो जाती है। इसलिए, बाल बांधकर रखो जब तक जरूरी न हो।

### क्ले मास्क का करें इस्तेमाल

मानसून के दिनों में फोरहेड के अतिरिक्त ऑयल को कम करने के लिए क्ले मास्क का इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है। यह स्किन पोर्स को डीप क्लीन करने के साथ-साथ ऑयल को कम करने में मददगार है। इस पैक को बनाने के लिए आप मुल्तानी मिट्टी के साथ गुलाब जल व हल्दी को मिक्स करके लगाएं।

कार्नर न्यूज

**ओवरसाइज कपड़े पहनने का ट्रेंड पिछले कुछ दिनों में खूब चल रहा**

## ओवरसाइज ट्रेंड को करना है फॉलो तो कुछ टिप्स का भी रखें खयाल, आपको मिलेगा परफेक्ट लुक

ओवरसाइज कपड़े का ट्रेंड हिप-हॉप फैशन के साथ ही आया है और कॉलेज गोअर्स के बीच खूब पसंद किया जा रहा है। अब तो बड़े-बड़े स्टार्स भी इस ट्रेंड को फॉलो कर रहे हैं। दरअसल इसमें आराम भी मिलता है और स्टाइलिंग भी हो जाती है। ओवरसाइज टी-शर्ट तो काफी स्मार्ट दिखती हैं साथ में ऐसी शर्ट भी काफी अच्छी लगती है। पुरुष ओवरसाइज पैंट भी खूब पहनते हैं और जींस भी।

लेकिन ये ट्रेंड किसी पर भी कभी भी अच्छा लगे ये जरूरी नहीं है। बल्कि कई बातें ध्यान रखनी होती हैं, जो ओवरसाइज ट्रेंड को परफेक्टली फॉलो करने में आपकी मदद करती हैं। कौन सी हैं ये बातें, जानते हैं-

### मौका क्या है?

मौका क्या है? ओवरसाइज ट्रेंड को पहनते हुए सबसे बड़ा सवाल यही होता है। दरअसल ये ऐसा ट्रेंड नहीं है, जिसे कभी भी पहना जा सके। इसको खास मौकों पर ही पहना जा सकता है।

### ओवरसाइज हो बड़ा नहीं



ओवरसाइज फैशन में हाथ आजमाना है तो आपको साइज का ही ध्यान रखने की जरूरत होती है। इसमें आपको जरूरत से ज्यादा बड़ी ड्रेस नहीं बल्कि ओवरसाइज ड्रेस ही लेनी है। मतलब ऐसा न हो कि ओवरसाइज के चक्कर में आप अपने साइज से कई साइज बड़े कपड़े ले लें।

### कंधे और कमर पर ओवरसाइज

याद रखिए कपड़े ओवरसाइज ही लेने का एक तरीका ये है कि इनके कंधे और कमर देखिए। ये दोनों अगर ओवरसाइज हैं तो समझिए आप सही कपड़े चुन रहे हैं। वरना ऐसा लगेगा मनो आपके कपड़े हैंगर पर टंगे हैं।

### बैलेंस है जरूरी

ओवरसाइज कपड़ों के साथ बैलेंस बहुत जरूरी है। जैसे आप ओवरसाइज कोट के साथ ओवरसाइज पैंट नहीं पहन सकते हैं। बल्कि आपको ओवरसाइज कोट के साथ फिटेड पैंट पहननी चाहिए। लेकिन ये सुपर स्किनी नहीं होनी चाहिए।

### ओवर साइज टी-शर्ट चुनें ऐसे

ओवरसाइज कपड़े पहनने की बारी आती है तो सबसे पहले टी-शर्ट पहनने का ही ख्याल आता है। इसके लिए आप ऐसी टी-शर्ट लीजिए जो बाईसेप के बीच तक आए।

आमतौर पर स्मार्ट और परफेक्ट लुक पाने में कपड़ों का अहम योगदान रहता है। बेस्ट ड्रेस का सेलेक्शन अमूमन आपको कॉन्फीडेंट और




कंफर्टेबल फील कराने का काम करता है। वहीं ड्रेस का चुनाव करते समय कई लोग ट्रेंड को ध्यान में रखना पसंद करते हैं। ओवरसाइज ड्रेस ट्रेंड भी इन्हीं में से एक है। ऐसे में अगर आप चाहें तो कुछ टिप्स की मदद लेकर ओवरसाइज ड्रेस ट्रेंड को आसानी से फॉलो कर सकते हैं।